दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



राजकुमार ने 'बंटवारा 1947' के खस्ता हाल पर तोड़ी चुप्पी



बदला, संघर्ष और मां का अटूट प्यार

वर्ष : 12 | अंक : 239 | लखनऊ, 23 अगस्त, रविवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### राजनाथ ने डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन किया



**नोएडा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को नोएडा में इंदिरा गांधी कला केंद्र सभागार में महाजन इमेजिंग एंड लैब्स के नए इंटीग्रेटेड डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद डॉ. महेश शर्मा के साथ लोकसभा सांसद बांसुरी स्वराज भी मौजूद रहीं। यह केंद्र उत्तर प्रदेश में कंपनी का पहला सेंटर है। इसकी शुरुआत नोएडा से हो रही है।

### कर्नाटक के आईएएस ज्ञानेंद्र कुमार लापता



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के आईएएस ज्ञानेंद्र कुमार 20 अगस्त से लापता हैं। उनसे किसी भी तरह का संपर्क नहीं हो पा रहा है,उनका फोन भी स्विच ऑफ आ रहा है। इस घटना से पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप है और उन्हें खोजने की कोशिश जारी है। परिवार का कोई सदस्य भी ज्ञानेंद्र कुमार से बात नहीं कर पाया है। राज्य के गृह मंत्री प्रियांक खरगे ने घटना की पुष्टि की है।

### गुरुग्राम में निर्माणाधीन दीवार गिरी, 7 दबे



**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला थाना क्षेत्र के सेक्टर 84 में शनिवार अलसुबह तेज वर्षा के बीच एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक निर्माणाधीन दीवार भरभराकर गिर गई।दीवार के पास सो रहे श्रमिक परिवार के 7लोग मलबे में दबकर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।

### डीएमके में 2 कार्यकाल पर छोड़नी होगी कुर्सी



**चेन्नई।** डीएमके की कार्यकारिणी समिति की बैठक में पार्टी संगठन में नई पीढ़ी को आगे लाने के लिए विभिन्न पदों पर उम्र और कार्यकाल की सीमा तय करने का फैसला किया गया। शाखा समिति सचिव के लिए 45 , वार्ड समिति सचिव के लिए 50और टाउन पंचायत, एरिया व सिटी कमेटी सचिवों के लिए 60 वर्ष निर्धारित की है।2कार्यकाल की सीमा तय की है।

### मनन के कार्यकाल को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती



**नई दिल्ली।** बीसीआई चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा के लंबे कार्यकाल को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिका में नियमों के तहत चेयरमैन के दो साल के कार्यकाल का हवाला देते हुए गजट अधिसूचना को रद्द करने की मांग की है, जिसमें कथित तौर पर कार्यकाल 2030 तक बढ़ाया गया। याचिकाकर्ता ने मिश्रा को हटाने की मांग की है।

## सीजेआई ने 11वें ब्रिक्स और लीगल फोरम को संबोधित किया

आर्थिक वृद्धि प्राकृतिक संसाधनों के भरोसे नहीं टिक सकती

# न्याय-नॉमिक्स से ही बढ़ेगी अर्थव्यवस्था केवल भूगोल से नहीं मिलती तरक्की

### आर्थिक विकास को मजबूत और टिकाऊ बनाने 'न्याय-नॉमिक्स' की जरूरत बताई

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

नई दिल्ली में आयोजित 11वें ब्रिक्स और लीगल फोरम को संबोधित करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने एक महत्वपूर्ण विचार सामने रखा। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक वृद्धि सिर्फ भूगोल की किस्मत या प्राकृतिक संसाधनों के भरोसे नहीं टिकी रह सकती। आर्थिक विकास को मजबूत और टिकाऊ बनाने के लिए 'न्याय-नॉमिक्स' यानी न्याय के अर्थशास्त्र की जरूरत है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कानूनी संस्थाएं विकास के आसपास बाद में खड़ा किया गया कोई ढांचा नहीं होतीं, बल्कि वे खुद विकास का मुख्य आधार और वास्तुकला होती हैं। अगर इस आधार को हटा दिया जाए, तो उभरती हुई अर्थव्यवस्था केवल सौभाग्य का एक ढेर नजर आएगी, जो किसी भी बड़े संकट में ढह सकती है।



**निष्पक्ष और सही फैसले से भरोसा बढ़ेगा**

मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि जब अदालतें निष्पक्ष और लगातार सही फैसले देती हैं, तो लोगों का न्याय प्रणाली पर भरोसा बढ़ता है। इससे हर व्यापारिक लेनदेन की लागत कम होती है।

### संसाधनों के बल पर आगे नहीं बढ़ा कोई भी देश 'न्याय सेतु' का विचार भी दिया, भरोसा भी बढ़ाएं

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस बात पर जोर दिया कि भारत समेत ब्रिक्स प्लस का कोई भी देश केवल अपने संसाधनों के बल पर आगे नहीं बढ़ा है। इन देशों का विकास इस बात पर निर्भर करता है कि वहां वादों और समझौतों को कानूनी रूप से कितना मजबूती से लागू कराया जाता है। भाषण के दौरान सीजेआई ने 'न्याय सेतु' का विचार भी दिया। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा पुल है जो 11 अलग-अलग देशों की कानूनी परंपराओं को आपस में जोड़ता है। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि देश आपस में भरोसे का माहौल खुद बनाएं, न कि किसी चमत्कार का इंतजार करें।

**विदाई समारोह में बोले जस्टिस संजय**

## जज भगवान नहीं, हर फैसला सही नहीं हो सकता

सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त हो रहे न्यायमूर्ति संजय करोल ने शनिवार को अपने विदाई संबोधन में कहा कि न्यायाधीश भगवान नहीं होते और उनसे हर फैसला पूरी तरह सही होने की उम्मीद नहीं की जा सकती।उन्होंने कहा कि न्याय करने के लिए विनम्रता जरूरी है और न्यायाधीशों को हर मुकदमे में केवल याचिकाकर्ता नहीं, बल्कि उसके पीछे खड़े इंसान को भी देखना चाहिए।न्यायमूर्ति करोल ने कहा कि संविधान न्यायाधीशों से केवल कानून को सही तरीके से लागू करने की अपेक्षा नहीं करता, बल्कि न्यायपूर्ण तरीके से लागू करने की भी मांग करता है। उन्होंने कहा कि उनके लिए न्याय करना सिर्फ यह तय करना नहीं रहा कि कानूनी रूप से कौन सही है, बल्कि अदालत के सामने खड़े व्यक्ति की स्थिति और उम्मीदों को समझना भी इसका हिस्सा है।

### न्याय के लिए विनम्रता की जरूरत बताई



जस्टिस करोल ने कहा कि किसी याचिका में मामले के तथ्य दर्ज हो सकते हैं, लेकिन वह यह नहीं बता सकती कि उस व्यक्ति ने पहले से क्या खोया है और वह अदालत से क्या उम्मीद लेकर आया है। इसलिए न्याय करने के लिए एक निश्चित स्तर की विनम्रता आवश्यक है। तर्कों के साथ-बातों को सुनने की जरूरत बताई।

### सुप्रीम कोर्ट की असली ताकत भरोसे पर टिकी

अपने करीब चार दशक लंबे कानूनी सफर को याद करते हुए न्यायमूर्ति करोल ने कहा कि उनके लिए अदालत कभी सिर्फ कार्यस्थल नहीं रही। उन्होंने कहा कि कोर्टरूम ने उन्हें हमेशा सहारा दिया और उनके जीवन में उनसे कहीं बड़ी तथा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पिछले 19 वर्षों से न्यायाधीश के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे थे। न्यायमूर्ति करोल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की असली अहमियत उस आम नागरिक के भरोसे में है।

### धर्म का अर्थ किसी अनुष्ठान से नहीं होता

जस्टिस करोल ने कहा कि कानून, उचित प्रक्रिया और संवैधानिक वैधता जैसे विचारों को समझने का सबसे सरल तरीका धर्म की अवधारणा हो सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यहां धर्म का अर्थ किसी अनुष्ठान से नहीं, बल्कि कर्तव्य से है।

### हर किसी को भूमिका निभानी चाहिए

न्यायमूर्ति करोल ने कहा कि न्याय करने के सिद्धांत केवल अदालत, काले चोगे और न्यायिक प्रक्रिया तक सीमित नहीं हैं। हर व्यक्ति को अपने फैसलों, आचरण और सत्ता के इस्तेमाल में खुद भी न्यायाधीश की भूमिका निभानी होती है।

## सीजेपी प्रवक्ता आशुतोष से मारपीट दोनों पक्षों ने दर्ज कराई एफआईआर आखिरकार स्कूल की जगह बदली

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



यहां के बगरू विधानसभा क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक स्कूल रामपुरा-कंवरपुरा के निरीक्षण को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और ग्रामीणों के बीच शुक्रवार को हुए विवाद के बाद शनिवार सुबह स्कूल को करीब 50 मीटर दूर दूसरी इमारत में शिफ्ट कर दिया गया। इस दौरान स्कूल परिसर और व्यवस्थाओं को लेकर भी सवाल उठे। मामले में सीजेपी की रेखा शर्मा, सलमान, संजू और गीगराज ने ग्रामीणों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए शिवदासपुरा थाने में एफआईआर दर्ज कराई। वहीं, ग्रामीणों की ओर से भगवान सहाय ने सीजेपी कार्यकर्ताओं के खिलाफएफआईआर दर्ज कराई है।शनिवार को ग्रामीणों और सीजेपी की ओर से शिवदासपुरा थाने में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई।

### विवाद के बाद बदली स्कूल की जगह

ग्रामीणों और सीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच शुक्रवार को स्कूल निरीक्षण के दौरान विवाद हुआ था। इसके बाद शनिवार सुबह स्कूल को करीब 50 मीटर दूर एक दूसरी इमारत में स्थानांतरित कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस कमरे में बच्चों को बैठाया जा रहा है, वहां पहले दुकान संचालित होती थी। वहीं, स्कूल को जिस स्थान पर शिफ्ट किया गया है, वहां भी बच्चों के बाहर बैठने की तस्वीरें सामने आई हैं। इससे स्कूल की वैकल्पिक व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

**राजस्थान सरकार ने मानी ये बात**

## कई स्कूलों में भवन नहीं तो कहीं शौचालय नहीं



राजस्थान में सरकारी स्कूलों की बुनियादी सुविधाओं को लेकर एक बड़ा खुलासा सामने आया है। राज्य सरकार ने विधानसभा में बताया कि प्रदेश के 611 सरकारी स्कूलों के पास अपना भवन नहीं है। इनमें 10 बालिका विद्यालय भी शामिल हैं। इसके अलावा हजारों स्कूल ऐसे हैं जहां बच्चों के लिए शौचालय और पेयजल जैसी जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। सरकार ने यह जानकारी नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के सवाल के जवाब में दी।

### सज्जन कुमार के नाम पर संग्राम

## हुड्डा के बयान पर भड़के चन्नी उसका नाम लेना भी 'पाप'

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



सिख विरोधी दंगों के दोषी पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार की मौत के बाद कांग्रेस नेताओं की ओर से दी गई श्रद्धांजलि को लेकर पंजाब की राजनीति गरमा गई है। अब इस विवाद के बीच सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि सज्जन कौम का हत्यारा है और उसका नाम लेना भी पाप है। उन्होंने कहा कि सज्जन ने मानवता और सिखों की हत्या करवाई तथा दो मामलों में जेल की सजा भुगतते हुए उसकी मौत हुई। चन्नी ने कहा कि उसे चौराहे पर खड़ा करके फांसी दी जानी चाहिए थी। सज्जन को रोल मॉडल बताने वालों पर निशाना साधते हुए चन्नी ने कहा कि वह हमारा रोल मॉडल कभी नहीं हो सकता। अगर ऐसे लोग रोल मॉडल होंगे तो देश तबाह हो जाएगा।उन्होंने कहा कि सज्जन को रोल मॉडल कहने वाले अपनी जुबान और खुद पर नियंत्रण रखें।

### जयपुर में एनटीए की परीक्षा में बत्ती गुल

## परीक्षार्थी करने लगे डिस्कशन,1 सितंबर को होगी दोबारा परीक्षा

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



एनटीए की ओर से आयोजित की जा रही एक और परीक्षा में अव्यवस्थाओं के चलते हंगामा हुआ। यह मामाला जयपुर में आयोजित ऑल इंडिया आयुष पोस्ट ग्रेजुएट प्री टेस्ट का है.।यहां सत्यसाई कॉलेज में पहली पाली की परीक्षा के दौरान अचानक बिजली गुल हो गई। परीक्षार्थियों ने आरोप लगाया कि बिजली गुल होने के दौरान परीक्षा की गोपनीयता भी प्रभावित हुई। अभ्यर्थियों का कहना है कि ऐसी स्थिति में अतिरिक्त समय दिए जाने से उन छात्रों को कोई वास्तविक फायदा नहीं हुआ। एनटीए ने परीक्षा पूरी नहीं कर पाने वाले सभी अभ्यर्थियों को हुई असुविधा के लिए खेद जताया है। इन अभ्यर्थियों की दोबारा परीक्षा 1 सितंबर को सुबह 10 बजे राजस्थान कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर वुमेन, जयपुर में आयोजित होगी।

### गोरखपुर में रनवे से टकराया विमान का पिछला हिस्सा

वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ी

## 5.5 घंटे तक फंसे रहे यात्री, लोगों को पहुंचाने मंगाया दूसरा विमान

### तकनीकी जांच के बाद विमान का संचालन रोक दिया

**अमन लेखनी समाचार/ गोरखपुर**

गोरखपुर एयरपोर्ट पर इंडिगो के विमान में टेल इम्पैक्ट मिलने के बाद उसे ग्राउंड कर दिया गया। इसके चलते 19 अगस्त को गोरखपुर से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की अगली उड़ान करीब 5 घंटे 30 मिनट विलंबित हुई। जांच के बाद संचालन रोक दिया गया। यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एयरलाइंस ने वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की।



### इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 2381 में परेशानी

एयरपोर्ट निदेशक संजय कुमार ने बताया कि 19 अगस्त को इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 2381 दिल्ली से गोरखपुर पहुंची थी। विमान के एयरपोर्ट पहुंचने के बाद एयरलाइंस ने विमान वीटी-आईएलआर में तकनीकी

**इंडिगो ने वीटी-आईबीसी की व्यवस्था की**

विमान ग्राउंड होने के कारण निर्धारित समय पर उड़ान नहीं भर सकी। स्थिति को देखते हुए इंडिगो ने वैकल्पिक विमान वीटी-आईबीसी की व्यवस्था की।

### तेलंगाना के मुख्यमंत्री के यूरोप दौरे पर उठे सवाल

# प्रो. माया से मिले रेड्डी, भाजपा ने बताया 'एंटी-इंडिया'

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी इस समय यूरोप दौरे पर गए हुए हैं। उनका यह कार्यक्रम उस समय चर्चा में आ गया था, जब सरकार ने उन्हें अमेरिका की यात्रा के लिए इजाजत नहीं दी थी। अब यूरोप के ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम को लेकर भी भाजपा ने नाराजगी जाहिर की है। यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम के दौरान रेड्डी ने 'ब्लावत्निक स्कूल ऑफ गवर्नमेंट' के फैकल्टी सदस्यों से मुलाकात की। इसमें राजनीति और पब्लिक पॉलिस पढ़ाने वाली प्रोफेसर माया ट्यूडर भी शामिल थीं। इनकी तस्वीरें सामने आने पर भाजपा ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को घेरना शुरू कर दिया और माया ट्यूडर को 'एंटी-इंडिया' बताया।

### भाजपा ने इस मुलाकात पर नाराजगी जाहिर की



**धर्मपुरी ने रेड्डी पर साधा निशाना**

सीएम रेड्डी की यूरोप यात्रा के दौरान की तस्वीरें सामने आने के बाद भाजपा सांसद अरविंद धर्मपुरी ने उन्हें निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि ट्यूडर अपने भारत विरोधी रवैये के लिए जानी जाती है। ऐसे में रेवंत रेड्डी की उनसे मिलना गलत है।

**भारत-विरोधी ताकतों के साथ मिले**

एक्स पर धर्मपुरी ने लिखा, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के ब्लावत्निक स्कूल ऑफ गवर्नमेंट की प्रोफेसर माया ट्यूडर ने भारत-विरोधी लेख लिखे हैं, जिनमें 'भारत का लोकतंत्र क्यों मर रहा है भी शामिल है। रेवंत उनसे मिल रहे हैं। उनमें जरा भी शर्म नहीं बची है और वे भारत-विरोधी ताकतों के साथ मिल गए हैं।

### माया ने 2023 में विवादित लेख लिखा

माया ने 2023 में जर्नल ऑफ डेमोक्रेसी में एक लेख लिखा था। इसका शीर्षक 'भारत का लोकतंत्र क्यों मर रहा' है। इसकी काफी आलोचना की गई थी। इसमें माया ने प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के कार्यकाल के दौरान भारत में लोकतांत्रिक ढांचे का विश्लेषण किया था। ऑक्सफोर्ड के ब्लावत्निक स्कूल ऑफ गवर्नमेंट में पॉलिटिक्स और पब्लिक पॉलिसी की प्रोफेसर माया अपने क्षेत्र का एक जाना माना नाम है।

### हिमाचल विधानसभा में हंगामा

## वंदे मातरम पर सत्तापक्ष-विपक्ष आमने- सामने, नारेबाजी की

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के सत्र के दूसरे दिन राष्ट्रीय गीत को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हो गए। पहले विधानसभा परिसर में दोनों दलों के विधायकों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की।सदन के भीतर प्रश्नकाल के बाद भी मामला गरमा गया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राष्ट्रीय गीत के अपमान के आरोप पर मुख्यमंत्री से माफी मांगने को कहा, जबकि सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पलटवार करते हुए भाजपा विधायक दल पर राष्ट्रीय गान के अपमान का आरोप लगाया।



### ठाकुर बोले- मांफी मांगें

जयराम ने कहा कि राष्ट्रीय गीत का अपमान कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यालय में हुआ है।जो बात सदन के अंदर हुई ही नहीं, उस पर बयान देने पर मुख्यमंत्री को माफी मांगनी चाहिए। इस बारे में सदन में क्लिपिंग दिखाएं। सभी भाजपा विधायक सावधान की मुद्रा में खड़े थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता,

### युवक पर बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र से शुक्रवार को एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने एक युवक पर बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति के मुताबिक 21 अगस्त को सुबह करीब 10 बजे उसकी 17 वर्षीय बेटी अचानक घर से कहीं चली गई। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों का आरोप है कि खोजबीन के दौरान पता चला कि सोहावा निवासी शिवम उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़ित परिजनों का कहना है कि शिवम के मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उसका फोन स्विच ऑफ बता रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बंथरा के खटोला निवासी युवक अपनी ई-रिक्शा से उनकी बेटी और शिवम को ले गया है। फिलहाल पीड़ित परिजनों की तहरीर पर मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी और आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है।

## जालसाजों ने हेड कांस्टेबल के बैंक खाते से लाखों रुपये किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में रहने वाले विशेष सुरक्षा बल के एक हेड कांस्टेबल के बैंक खाते से जालसाजों ने बीते दिनों करीब डेढ़ लाख रुपए पार कर दिए। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने बैंक और साइबर सेल में शिकायत करने के साथ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के कानपुर रोड स्थित 32वीं बटालियन पीएसी परिसर निवासी और 01 बटालियन यूपीएसएसएफ में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात मोहम्मद रशीद के मुताबिक उनके दो बैंक खातों से जालसाजों ने बीते दिनों करीब 1.54 लाख रुपये पार कर दिए। मो. रशीद का कहना है कि उनके एसबीआई के पुलिस सैलरी पैकेज खाते से 78,999 रुपये और बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से 75,800 रुपये सहित दोनों खातों से कुल 1,54,799 रुपये कटे हैं।

# रिश्वत मांगने के आरोप में पटल बाबू हटाए गए

## जौनपुर एआरटीओ में 50 हजार रिश्वत मांगने पर बाबू हटाए गए

**पांच डंपर पंजीकरण के नाम पर मांगी गई थी रिश्वत**

**उप परिवहन आयुक्त ने जांच कर पटल से हटाया**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एआरटीओ कार्यालय में पांच डंपरों के पंजीकरण के नाम पर 50 हजार रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में घिरे पटल बाबू गणेश दत्त को शनिवार को पटल से हटा दिया गया। उप परिवहन आयुक्त वाराणसी मंडल भीम सेन सिंह और आरटीओ राघवेंद्र सिंह की जांच में प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। शासन ने वाहन स्वामी के विरोध प्रदर्शन और शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए थे। शनिवार को उप परिवहन आयुक्त और आरटीओ ने एआरटीओ



कार्यालय पहुंचकर पूरे मामले की जांच की। अधिकारियों ने संबंधित पत्रावलियों को अपने कब्जे में लेते हुए शिकायतकर्ता वाहन स्वामी विनय सिंह समेत विभागीय कर्मचारियों के बयान दर्ज किए। जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर पटल बाबू को तत्काल उनके पटल से हटा दिया गया। उप परिवहन आयुक्त भीम सेन सिंह ने बताया कि आरोपित कर्मचारी के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच में प्रथम दृष्ट्या अनियमितता सामने आई है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच के दौरान मीडिया ने अधिकारियों से सवाल किया कि यदि संबंधित बाबू के खिलाफ पहले से भ्रष्टाचार की जांच चल रही थी तो उन्हें महत्वपूर्ण पटल की जिम्मेदारी क्यों दी गई। इसके अलावा बाबू की कार पर मानक के विपरीत नंबर प्लेट लगाए जाने का मामला भी उठाया गया। इस पर उप परिवहन आयुक्त ने स्थानीय अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि जब लगातार अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही थीं तो समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गई। उन्होंने मामले में जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने के संकेत दिए।

## दिलीप मिश्रा दोबारा बने लखनऊ जिला अध्यक्ष, पत्रकार सुरक्षा संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। वृंदावन स्थित कार्यालय 6सी/126 में शनिवार को राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों एवं सम्मानित पत्रकारों की उपस्थिति में लखनऊ जिला अध्यक्ष पद के लिए दिलीप मिश्रा के नाम पर सर्वसम्मति से सहमति जताई गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने उन्हें दोबारा लखनऊ जिला अध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, पत्रकारों के हितों एवं सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने तथा पत्रकारों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि दिलीप मिश्रा अपने अनुभव और सक्रियता के माध्यम से संगठन को लखनऊ जिले में और मजबूती प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा, प्रदेश टीम से दिलीप श्रीवास्तव, सचिन दीक्षित एवं राकेश मिश्रा मौजूद रहे। जिला टीम से विनीत कुमार मिश्रा, भारत भूषण और गौरव शुक्ला सहित राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ह्रदीपूह्न ने भी बैठक में सहभागिता की। पुनः जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने के बाद दिलीप मिश्रा ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दोबारा सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन किया जाएगा। उनका प्रयास रहेगा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाए तथा पत्रकारों के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाए। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज को शासन-प्रशासन और आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में पत्रकारों के सम्मान, अधिकार और सुरक्षा के लिए संगठन निरंतर सक्रिय रहेगा।

## न्यायालय के आदेश पर पति समेत ससुरालियों पर मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। विवाहिता की शिकायत पर न्यायालय के आदेश के बाद मलिहाबाद पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के रानीखेड़ा निवासी प्रीति गौतम पत्नी आनंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि पति आनंद, ससुर कन्हैया लाल और ननद ममता उसके साथ गाली-गलौज करते थे और विरोध करने पर मारपीट भी की जाती थी। लगातार प्रताड़ना से वह मानसिक रूप से परेशान हो गई। पीड़िता के मुताबिक, उसने कार्रवाई की मांग को लेकर 13 अक्टूबर 2019 को मलिहाबाद थाने में तहरीर दी थी। काफी समय तक मुकदमा दर्ज नहीं होने पर उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश के बाद मलिहाबाद पुलिस ने अब संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मोहनलालगंज में पीडीए चौपाल, 2027 के लिए कार्यकर्ताओं से एकजुट रहने का आह्वान

अमन लेखनी समाचार

निगोहां । मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर दयालपुर अंतर्गत भद्दी सिर्स, गोड़ियन खेड़ा, रंजीत खेड़ा, अहिनवार धाम और रघुनाथ खेड़ा गांवों में रविवार को समाजवादी पार्टी की पीडीए चौपाल का आयोजन किया गया चौपाल में पार्टी नेताओं ने संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय और संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकताओं से अभी से जुट जाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आयोजन अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव एवं सेक्टर प्रभारी राम नारायण रावत के नेतृत्व में हुआ। मुख्य अतिथि सांसद आरके चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर रहे अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा ने की। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने रंजीत खेड़ा स्थित बांक नाले पर पुल निर्माण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इस पर सांसद आरके चौधरी



ने कहा कि क्षेत्रवासियों की समस्या से वह भली-भांति अवगत हैं और पुल निर्माण के लिए संबंधित विभाग से वार्ता कर शीघ्र कार्य शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सभी वर्गों को एकजुट होकर कार्य करना होगा पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में पिछड़ों, दलितों, किसानों, मजदूरों और बेरोजगार युवाओं की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कार्यकताओं से मतभेद भुलाकर संगठन को मजबूत करने तथा वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए गांव-गांव तक पहुंचने का आह्वान किया। चौपाल में पार्टी की नीतियों और पीडीए अभियान को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई इस दौरान राम किशोर रावत, संतराम यादव, अशर्फी लाल धीमान शेर बहादुर सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एंटी करप्शन कार्रवाई के विरोध में लेखपालों की कलम बंद हड़ताल

### निष्पक्ष जांच की मांग, मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अयोध्या जनपद की सोहावल तहसील में तैनात लेखपाल उत्कर्षदीप के खिलाफ 20 अगस्त को हुई एंटी करप्शन कार्रवाई के विरोध में शनिवार को मलिहाबाद तहसील के लेखपालों ने कलम बंद हड़ताल कर प्रदर्शन किया। लेखपालों ने कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। लेखपाल संघ के अध्यक्ष पवन कुमार और महामंत्री दीपक कुमार के नेतृत्व में तहसील परिसर में एकत्र हुए लेखपालों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि उत्कर्षदीप के मामले में पुलिस टीम द्वारा जुटाए गए सीसीटीवी फुटेज, वायरल वीडियो समेत सभी इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए। लेखपालों का आरोप है कि संबंधित लेखपाल को षड्यंत्र के तहत रुपये देकर



फंसाया गया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर लेखपाल को न्याय दिलाने की मांग उठाई। साथ ही भविष्य में किसी लेखपाल के खिलाफ ट्रैप कार्रवाई से पहले शिकायत की सत्यता, शिकायतकर्ता की पृष्ठभूमि, आपसी रंजिश, निजी स्वार्थ और शिकायत के उद्देश्य की जांच कराने की मांग की। लेखपालों का कहना है कि प्रारंभिक जांच के बाद ही ट्रैप कार्रवाई की जानी चाहिए, जिससे गलत या फर्जी शिकायतों के आधार पर किसी कर्मचारी को कार्रवाई का सामना न करना पड़े। इस मौके पर मलिहाबाद तहसील के दर्जनों लेखपाल भी मौजूद रहे।

## पूर्वी यूपी की विरासत से रूबरू करायेगी 'द राइडिंग चैप्टर्स-2'

अमन लेखनी समाचार

- 80 बाइकर्स का दल 1090 चौराहे से रवाना
- एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा, चुनार किला, देवदरी और राजदरी वॉटरफॉल होंगे सफर का हिस्सा

**लखनऊ।** बौद्ध विरासत के केंद्र सारनाथ, ऐतिहासिक चुनारगढ़ और मानसून में अपनी रंगत में नजर आने वाले देवदरी व राजदरी जलप्रपात अब एडवेंचर टूरिज्म के नए आकर्षण के रूप में उभरेंगे। उत्तर प्रदेश पर्यटन ने इन स्थलों को जोड़ते हुए युवाओं और बाइकिंग के शौकीनों के लिए खास वीकेंड यात्रा तैयार की है। शनिवार को 'द राइडिंग चैप्टर्स' के दूसरे संस्करण के तहत 80 बाइक सवार लखनऊ से दो दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। 'विजिट माय स्टेट उत्तर प्रदेश' अभियान के जरिए पर्यटन विभाग का प्रयास प्रदेश के उन समृद्ध लेकिन अपेक्षाकृत कम चर्चित (अल्पज्ञात) स्थलों को नई पहचान दिलाना है, जो अब तक मुख्यधारा के पर्यटन सर्किट का हिस्सा नहीं बन सके हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) के प्रबंध निदेशक आशीष कुमार ने सुबह 8 बजे 1090 चौराहे से दो दिवसीय बाइक यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान लखनऊ के मुख्य विकास अधिकारी प्रफुल्ल कुमार शर्मा भी मौजूद रहे। बाइकर्स का दल सुल्तानपुर और जौनपुर होते हुए बौद्ध स्थली सारनाथ पहुंचेगा। इसके बाद चुनार की ओर बढ़ेगा। इस तरह यह यात्रा पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों को करीब से जानने-समझने का अवसर भी देगी। गंगा नदी के किनारे बसा ऐतिहासिक चुनारगढ़ इस यात्रा का अहम पड़ाव है। शेरशाह सूरी से लेकर मुगल और ब्रिटिश शासनकाल तक के दौर का साक्षी रहा यह किला विशाल पत्थर की दीवारों, सामरिक महत्व और गंगा तट पर बसे भव्य स्वरूप के लिए जाना जाता है। स्वयं में इतिहास की कई परतों को समेटे चुनारगढ़ आज भी पूर्वी उत्तर प्रदेश की समृद्ध विरासत का अहम प्रतीक है, जहां पर्यटन की संभावनाओं को और विस्तार देने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

यूपीएसटीडीसी के प्रबंध निदेशक आशीष कुमार ने कहा कि प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी और सुरक्षित यात्रा का माहौल पर्यटन के नए और अल्पज्ञात स्थलों तक पहुंच को आसान बना रहा है। उन्होंने कहा कि 'विजिट माय स्टेट उत्तर प्रदेश' के माध्यम से युवाओं को रोमांच और प्रत्यक्ष अनुभव के जरिए ऐसे पर्यटन स्थलों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जो अब तक सामान्य यात्रा कार्यक्रमों से बाहर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल से युवाओं को उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों से इतर इतिहास, प्रकृति, संस्कृति और रोमांच से जुड़े अनदेखे अनुभवों को जानने और समझने का अवसर मिलेगा। रात्रि विश्राम के बाद रविवार को बाइकर्स काशी आनंदम से अगले पड़ाव के लिए रवाना होंगे। यहां से दल शूलटंकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगा, जहां दर्शन-गंगा आरती के बाद यात्रा देवदरी और राजदरी वाटरफॉल की ओर बढ़ेगी। घने जंगलों व हरियाली के बीच स्थित देवदरी और राजदरी जलप्रपात मानसून में पूरे उफान पर रहते हैं। ऐसे में यात्रा का दूसरा दिन बाइकिंग के रोमांच के साथ प्रकृति और एडवेंचर टूरिज्म का विशेष अनुभव कराएगा। 'द राइडिंग चैप्टर्स' का पहला संस्करण इस माह के शुरूआत में लखनऊ से कालिंजर किले तक आयोजित किया गया था। पहली बाइक यात्रा को मिली सफलता के बाद शनिवार को इसके दूसरे संस्करण को हरी झंडी दिखाई गई। विजिट माय स्टेट उत्तर प्रदेश अभियान के तहत पर्यटन विभाग सुनियोजित सड़क यात्राओं के जरिए प्रदेश की विरासत और अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों को पर्यटकों से रूबरू कराते हुए इन्हें प्रमुख पर्यटन मानचित्र पर लाने की पहल कर रहा है।

## 38 प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टरों ने जानी नगर निगम की कार्यप्रणाली

### मॉडल वार्ड से लेकर एसटीपी, वेस्ट-टू-वंडर पार्क और इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर का किया स्थलीय अध्ययन

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** पीसीएस फेज-1 व्यावसायिक प्रशिक्षण के तहत 38 प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टरों ने शनिवार को नगर निगम लखनऊ की विभिन्न व्यवस्थाओं और परियोजनाओं का स्थलीय अध्ययन किया। डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी की ओर से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षु अधिकारियों ने शहर की स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सीवेज ट्रीटमेंट, जलापूर्ति, कर व्यवस्था और तकनीकी निगरानी से जुड़ी व्यवस्थाओं को करीब से समझा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम 17 अगस्त से 16 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। अध्ययन भ्रमण की शुरूआत सुबह 6:30 बजे नगर निगम जोन-4 के मॉडल वार्ड से हुई। यहां प्रशिक्षु अधिकारियों ने डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, कचरा पृथक्करण और वार्ड स्तर पर स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण



किया। नगर निगम अधिकारियों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इसके बाद प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टरों ने भैंसौरा स्थित ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया। यहां कचरे के संग्रहण और हस्तांतरण की प्रक्रिया के साथ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्थाओं को समझाया गया। अध्ययन भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने भरवारा स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण किया। जलकल विभाग के अधिकारियों ने उन्हें सीवेज के उपचार और प्लांट की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी। इसके बाद यूपी दर्शन पार्क स्थित वेस्ट-टू-वंडर मॉडल का अवलोकन किया गया। यहां अपशिष्ट पदार्थों के रचनात्मक इस्तेमाल और उससे तैयार किए गए मॉडल के बारे में प्रशिक्षु अधिकारियों को जानकारी दी गई। प्रशिक्षु अधिकारियों ने नगर निगम के इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (आईसीसीसी) का भी निरीक्षण किया। यहां उन्हें तकनीक के माध्यम से नगरीय सेवाओं की निगरानी, विभिन्न गतिविधियों की मॉनिटरिंग और शहर की व्यवस्थाओं के संचालन के बारे में बताया गया। जोन-3 कार्यालय में प्रशिक्षु अधिकारियों को कर निर्धारण एवं कर संबंधी कार्यप्रणाली की प्रस्तुति दी गई। अधिकारियों ने कर निर्धारण से लेकर संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी साझा की।

अध्ययन भ्रमण के अंतिम चरण में प्रशिक्षु अधिकारियों ने जोन-2 स्थित ऐशबाग वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। जलकल विभाग के अधिकारियों ने जल शोधन, प्लांट संचालन और शहर में जलापूर्ति से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर कर निर्धारण अधिकारी नन्द किशोर को अध्ययन भ्रमण का नोडल अधिकारी नामित किया गया था। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर नगर निगम की विभिन्न गतिविधियों, कार्यप्रणाली और परियोजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई। भ्रमण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय कर आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गईं।

## चंद्रगुप्त मौर्य की प्रतिमा 2027 से पहले लगेगी

### स्नेह मिलन समारोह में जनप्रतिनिधियों ने दिखायी एकजुटता

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की आदमकद प्रतिमा को लखनऊ में स्थापित कराने की मांग को लेकर शनिवार को गांधी प्रेक्षागृह, कैसरबाग में स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में समाज के लोगों और जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर प्रतिमा स्थापना के अभियान को तेज करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के मंत्री जसवंत सिंह सैनी रहे। पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्य, विधायक आशा मौर्य समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि प्रतिमा स्थापना के संबंध में वह प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री से वार्ता करेंगे। उन्होंने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्य ने कहा कि वह लखनऊ के सांसद एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी इस मुद्दे पर



बात करेंगी। विधायक आशा मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अभियान में सहयोग का भरोसा दिलाया। फाउंडेशन के पदाधिकारियों के अनुसार, सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की आदमकद प्रतिमा करीब 26 वर्षों से स्थापना की प्रतीक्षा कर रही है। वर्ष 2001 में तत्कालीन मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के कार्यकाल में सरकारी धनराशि से इसका निर्माण कराया गया था। फाउंडेशन का कहना है कि लंबे समय से मूर्तिकार के प्रतिष्ठान में रखे होने के कारण प्रतिमा धूल और धूप से खराब हो रही है। फाउंडेशन के महामंत्री लल्ला जी मौर्य ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले प्रतिमा स्थापित कराने के लिए संगठन पूरी ताकत से प्रयास करेगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष अधिवक्ता अरविंद कुमार कुशवाहा का जन्मदिन मनाने के साथ विद्वतजनों और मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। समारोह में गुरु प्रसाद मौर्य, सुरेश मौर्य, राम रतन कुशवाहा, ऊषा मौर्य, वासुदेव मौर्य, भगवान सिंह कुशवाहा, अरविंद सिंह राजपूत, फूल बदन कुशवाहा सहित फाउंडेशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि प्रतिमा स्थापना ऐतिहासिक विरासत और महापुरुषों के सम्मान से जुड़ा विषय है।

## बाल संरक्षण राज्य व समाज दोनों की नैतिक जिम्मेदारी : अरुण भंसाली

### किशोर न्याय अधिनियम के दस वर्ष पूरे, लखनऊ में राज्य स्तरीय हितधारक परामर्श आयोजित

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की किशोर न्याय समिति (एचसीजेजेसी) द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश तथा यूनिसेफ, लखनऊ के सहयोग से न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, उत्तर प्रदेश, लखनऊ में एक दिवसीय राज्य स्तरीय हितधारक परामर्श-2026 का आयोजन किया गया।

नालंदा सभागार में आयोजित उद्घाटन सत्र में इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एवं जेटीआरआई के पदेन मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, वरिष्ठ न्यायाधीश एवं जेटीआरआई की पर्यवेक्षण समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राजन रॉय तथा



उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अजय भनोट की उपस्थिति रही। महिला एवं बाल विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी सहित अन्य विशिष्ट अतिथि और संबंधित हितधारक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने कहा कि बाल संरक्षण राज्य और समाज दोनों की वैधानिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर बच्चों के सर्वोत्तम हित, गरिमा, पुनर्वास और पुनर्समेकन को दिए गए महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने किशोर न्याय बोर्डों, बाल कल्याण समितियों, बाल देखरेख संस्थानों, डिजिटल दत्तक ग्रहण प्रक्रियाओं तथा मजबूत निगरानी तंत्र के माध्यम से हुई संस्थागत प्रगति का उल्लेख किया। न्यायमूर्ति राजन रॉय ने भारत में किशोर न्याय व्यवस्था के विकास की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए युवा अपराधियों के लिए पृथक व्यवस्था से वर्तमान व्यापक बाल संरक्षण प्रणाली तक हुए बदलावों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि किशोर न्याय व्यवस्था की सफलता का आकलन केवल मामलों के निस्तारण की संख्या से नहीं, बल्कि उन बच्चों की संख्या से किया जाना चाहिए जिन्हें संरक्षण, पुनर्वास, गरिमा और आशा के साथ जीवन जीने का अवसर मिला है।

न्यायमूर्ति अजय भनोट ने जमानत और बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में बाल-संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने एक ऐसे मामले का उल्लेख किया, जिसमें जघन्य अपराध के आरोप में विचारण का सामना कर रही मां की जमानत अस्वीकार कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि मां के कारावास के कारण बच्चे को दंडित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कानून की सीमाओं के भीतर न्यायिक विवेक का प्रयोग बच्चों के अधिकारों और कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए किया जाना चाहिए।

महिला एवं बाल विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी ने बाल संरक्षण के क्षेत्र में पिछले एक दशक के सुधारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बाल संरक्षण तंत्र को सुदृढ़ करने तथा बच्चों के अधिकारों, कल्याण और सर्वोत्तम हितों की रक्षा के लिए किए जा रहे उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान उड़ान पुस्तक के तृतीय संस्करण का औपचारिक विमोचन भी किया गया। मुख्य न्यायाधीश ने लखनऊ स्थित दृष्टि सामाजिक संस्थान के विशेष रूप से सक्षम बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया तथा गणमान्य अतिथियों द्वारा बच्चों को उपहार वितरित किए गए।

## संक्षेप

### किशोरी हुई लापता मां ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत एक गाँव से नाबालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने पर माँ द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है थाना क्षेत्र के एक गाँव से पीड़ित माँ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार शाम उसकी 16 वर्षीय बेटी को ग्राम पनहन निवासी अभिषेक चुपके से भगा ले गया। अभिषेक ने मेरी बेटी को फोन करके भागने की योजना पहले से ही योजना बना ली थी ।थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज मामले की जांच की जा रही है।

### जेठ व जेठानी पर घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के ममरेजपुर गाँव की रहने वाली आरती देवी पत्नी शिव कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 अगस्त की शाम लगभग 8 बजे उनके जेठ राम कुमार पुत्र स्व. लल्ली और जेठानी गुड़िया देवी लड़कों के विवाद के कारण उनके घर में जबरन घुस आए। दोनों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। चीख-पुकार सुनकर जब आरती देवी चिल्लाने लगीं, तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### निजी अस्पतालों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। स्थिति शारदा हॉस्पिटल का निरीक्षण एसडीएम शालिनी तोमर, सीओ तेज प्रताप सिंह ने सीएचसी अधीक्षक डा नितिन के साथ किया ।जिसमे 3 मरीज एडमिट मिले ।वही हॉस्पिटल में कोई डाक्टर व संचालन करता नहीं मिला न ही कोई पंजीकरण संबंधित दस्तावेज दिखा पाए ।इसके अलावा मौर्या जी नर्सिंग होम में कोई चिकित्सक व पंजीकरण संबन्धित दस्तावेज न दिखा पाने पर एसडीएम ने तत्काल सीजर की कार्यवाही की ।वही शुभ हॉस्पिटल में जांच में निर्माण होते मिला जिसपर बगैर पंजीकरण के संचालन न करने की हिदायत दी ।सिंह फैक्कर हॉस्पिटल में ईएमओ मरीजों को देखते मिली ।पंजीकरण संबंधित दस्तावेज दिखाए। सीएचसी अधीक्षक डा नितिन ने बताया कि मौर्या हॉस्पिटल को सीज की कार्यवाही की गई है ।वही शारदा हॉस्पिटल में डा समेत कोई संचालक नहीं मिला है ।जिसपर सोमवार तक पंजीकरण संबंधित दस्तावेज दिखाने के लिए कहा गया है ।उसके बाद कार्यवाही की जाएगी निरीक्षण को जांच रिपोर्ट जिले पर भेजी जा रही है।

## नो बैग डे में मिट्टी के खिलौने और कलाकृतियां बनाकर दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत आयोजित नो बैग डे पर कंपोजिट विद्यालय रनियामऊं में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण और रचनात्मक गतिविधियों के जरिए सीखने का अनूठा संदेश दिया। शिक्षक अमित तिवारी की पहल पर बच्चों ने विद्यालय परिसर में पेड़ों को राखियां बांधकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने कहा कि पेड़ सुरक्षित रहेंगे, तभी धरती और मानव जीवन सुरक्षित रहेगा।

इसके बाद बच्चों ने मिट्टी से खिलौने बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बिना बस्ते के आयोजित गतिविधियों में विद्यार्थियों ने ह्यदेखो, समझो और करके सीखोह्ण की अवधारणा को साकार किया। मिट्टी से विभिन्न आकृतियां और खिलौने तैयार कर बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता का परिचय दिया



शिक्षक अमित तिवारी ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन की जीवनरेखा हैं। पेड़ों के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना समय की जरूरत है। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों और ग्रामीणों ने बच्चों की पहल की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में सहयोग का भरोसा दिलाया उच्च प्राथमिक विद्यालय करीमाबाद में भी नो बैग डे के तहत विद्यार्थियों ने मिट्टी से सुंदर कलाकृतियां और खिलौने तैयार किए। बच्चों की रचनात्मकता ने उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। गतिविधि के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की और मिट्टी से विभिन्न आकर्षक आकृतियां बनाईं।

इस अवसर पर शिक्षक ज्ञानेंद्र कुशवाहा, संजीव सखवार, सुधीर कुशवाहा, कृष्णावती, विनीता आदि मौजूद रहे। अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए इस प्रकार की गतिविधियों को सीखने का प्रभावी माध्यम बताया।

## जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों में दर्जनों गांवों के नाम गलत, भटक रहे ग्रामीण

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। विकास खंड सुमेरपुर में स्वास्थ्य और पंचायत विभाग की बड़ी तकनीकी लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्रों में दर्जनों गांवों के नाम गलत फीड होने के कारण लोग ब्लॉक कार्यालय से लेकर सीएचसी तक के चक्कर काटने को मजबूर हैं। सुमेरपुर ब्लॉक के अंतर्गत भगवंतनगर टाउन एरिया और 67 ग्राम पंचायतों के करीब 100 गांव आते हैं। ब्लॉक मुख्यालय खुद छाछी राई खेड़ा ग्राम पंचायत के तहत आता है, लेकिन ऑनलाइन जारी हो रहे प्रमाण पत्रों में इसका नाम ₹छानचिरै खेरा₹ दर्ज होकर आ रहा है। यह अकेला मामला नहीं है, बल्कि दर्जनों गांवों के नामों में भारी त्रुटियां हैं। इसी तरहः अहिरौराअहिरवारा, अकठी





अकाथी, पनई बुजुर्ग पान बुजुर्ग, कलानी कल्याणी, कोटवर कोतवार सहित दर्जनों गांवों के नाम गलत दर्ज होने के कारण ग्रामीणों को बच्चों के स्कूल एडमिशन, राशन कार्ड, सरकारी योजनाओं और राजस्व संबंधी कार्यों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नाम में अंतर होने की वजह से कई सरकारी दफ्तरों में इन प्रमाण पत्रों को स्वीकार करने से मना कर दिया जाता है। इस गंभीर समस्या के संबंध में जब सहायक विकास अधिकारी (एडीओ पंचायत) अनिल राणा से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि यह समस्या सॉफ्टवेयर की तकनीकी गलती (स्पेलिंग मैपिंग) के कारण हो रही है। फिलहाल इससे ग्रामीणों को कोई बड़ी समस्या नहीं है और व्यवस्था सामान्य रूप से चल रही है ।तमाम दावों के बावजूद, जमीनी स्तर पर ग्रामीण इस स्पेलिंग मिस्टेक की वजह से हलकान हैं और जल्द से जल्द पोर्टल पर गांवों के सही नाम अपडेट कराने की मांग कर रहे हैं।

## तीन चोरों को पुलिस ने मॉल समेत किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना असोहा क्षेत्र के शिवसिंह खेड़ा स्थित एवीआई एनर्जी सलूशन लिमिटेड कंपनी के स्टोर से 20 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने दो कुंतल कंडक्टर वायर चोरी कर लिया था ।कंपनी के स्टोर कीपर जयपाल यादव निवासी बरगहा डीह जिला प्रयागराज ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी ।जिसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी ।शनिवार सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चंदन खेड़ा चौराहे के पास से जा रहे एक एक लोडर को रुकवाया ।जिसपर चोरी करने वाले तीनों आरोपी लोडर में मौजूद मिले। तलाशी के दौरान लोडर में लदा चोरी हुआ कंडक्टर वायर बरामद हुआ ।पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम





हिमांशु राठौर निवासी बंथरा, लखनऊ, कृष्ण कुमार कश्यप निवासी गौरी बाजार, सरोजनीनगर, लखनऊ व मनोज यादव निवासी नई बस्ती ,सरोजनीनगर, लखनऊ बताया। थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहा से सभी को जेल भेजा गया है।

## डीएम ने किया कस्तूरबा बालिका विद्यालय का किया औचक निरीक्षण, छात्राओं से पूछा - बड़ी होकर क्या बनोगी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के साथ विकास खंड बिछिया स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने क्लास-रूम, हॉस्टल, मेस और पूरे कैंपस की साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने हर कक्षा में जाकर छात्राओं से बातचीत की, उनकी पढ़ाई, रहने, खाने और किसी तरह की परेशानी को लेकर जानकारी ली। जब उन्होंने छात्राओं से पूछा कि पढ़-लिखकर क्या बनना चाहती हो, तो अधिकांश ने आईएएस और डॉक्टर बनने की इच्छा जताई। इस पर डीएम ने उन्हें ईमानदारी से कड़ी मेहनत करने की नसीहत दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं डीएम ने मेस में



पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता और इस्तेमाल हो रही खाद्य सामग्री को भी परखा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चियों को पौष्टिक और गुणवत्तायुक्त भोजन ही दिया जाए, इसमें किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि छात्राओं को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ सभी मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए। शिक्षक अपने विषय को पूरी रुचि और गंभीरता से पढ़ाएं और समय पर स्कूल आएं, पढ़ाई से कोई समझौता न किया जाए ।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम ने बीएसए को निर्देश दिए कि विद्यालय परिसर में प्राथमिकता के आधार पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं, साथ ही पेयजल, स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाए। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश पांडेय, तहसीलदार सदर और विद्यालय की प्रधानाचार्या सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## पुल के दोनो ओर मार्ग धंसा मरम्मत कार्य शुरू

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के गांव तमोरिया बुजुर्ग के पास सई नदी पर दो जनपदों को जोड़ने के लिए बनाए गए पुल के दोनों ओर पहुंच मार्ग धंसने और एप्रोच लाइन क्षतिग्रस्त होने का मामला प्रकाश में आने के बाद शनिवार को मरम्मत कार्य शुरू करा दिया गया। ज्ञात हो सई नदी पर बने पुल का पहुंच मार्ग धंसने लगा था तथा एप्रोच लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी इस मामले को हिंदुस्तान मीडिया ने प्रमुखता से उठाया जिसके बाद प्रशासन ने कार्यदायी संस्था को मार्ग दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। शनिवार को कार्यदायी संस्था के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर-ट्राली और मजदूरों की मदद से क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत शुरू



कराई। जेसीबी से धंसे हिस्से की खोदाई कराकर उसमें सामग्री डाली गई और मार्ग को समतल करने का काम तेजी से चलता रहा। पुल के दोनों तरफ एप्रोच लाइन को भी दुरुस्त कराया जा रहा है। शनिवार को मार्ग मरम्मत व दुरुस्तीकरण हेतु युद्धस्तर पर काम होता देखा गया है।

## जल निकासी की गंभीर समस्या को लेकर मोहल्ले वासियों ने अधिशासी अधिकारी को दिया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला प्रेमगंज में जल निकासी की गंभीर समस्या से परेशान नागरिकों ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सेवा संस्थान के बैनर तले शनिवार को नगर पालिका परिसर में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जलभराव की समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की।

मोहल्लेवासियों का कहना है कि क्षेत्र में समुचित जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण बारिश के दौरान गलियों में पानी भर जाता है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। लंबे समय से समस्या बने रहने के बावजूद अपेक्षित समाधान न होने से लोगों में रोष व्याप्त है। धरने के दौरान प्रदर्शनकारियों ने नगर पालिका प्रशासन से नालियों की सफाई, जल निकासी की समुचित व्यवस्था तथा जलभराव की समस्या से स्थायी निजात दिलाने की मांग की। धरना प्रदर्शन के बाद मोहल्लेवासियों ने अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। अधिशासी अधिकारी ने प्रदर्शनकारियों की समस्याएं सुनीं और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे पुनः आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन में संस्था के अध्यक्ष आकाश गौतम, अंकुर गौतम, अंकित गौतम, सुनील कुमार (सभासद प्रतिनिधि ) सपा नेता मोहम्मद इमरान सिद्दीकी, अखिलराज , गोविंद, सौरभ, अंकित गौतम, सुनील कुमार गौतम, अंकुर, विनय, अर्जुन अनुज, अनिल, बब्लू, रामबालक के आलावा भीम आर्मी जिला अध्यक्ष रवि बौद्ध, आजाद समाज पार्टी जिला प्रभारी सुनील कुमार गौतम, विधानसभा अध्यक्ष प्रहलाद गौतम, गोविंदा गौतम जिला उपाध्यक्ष, जिला प्रवक्ता रईस अकबर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सोनी गौतम, महिला मोर्चा विधानसभा अध्यक्ष शायरा अंसारी, सेक्टर प्रभारी ओंकार गौतम, जिला महामंत्री इकबाल खान व एम जमा खान आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ प्रदर्शन



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला काशीराम गली निवासी सुनील पुत्र रामखेलावन की शुक्रवार को सड़क हादसे में मौत हो गई थी। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजनों और मोहल्लेवासियों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने शव को संडीला मार्ग पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे एसडीएम बृजमोहन शुक्ला ने परिजनों से बातचीत कर उनकी मांगें सुनीं। उन्होंने शासन स्तर से मिलने वाली अहेतुक सहायता दिलाने के साथ ही किसान बीमा योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। एसडीएम के आश्वासन के बाद परिजनों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कराने की प्रक्रिया शुरू की गई। प्रदर्शन के दौरान संडीला मार्ग पर कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित रहा।

## समाधान दिवस का किया गया आयोजन, फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। थाना परिसर में फरियादियों की समस्याओं के त्वरित और निष्पक्ष समाधान के उद्देश्य से 'समाधान दिवस' (थाना दिवस) का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र से आए तमाम लोगों ने अपनी शिकायतें संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखीं। समाधान दिवस के दौरान प्राप्त हुई सभी शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए गए। इस महत्वपूर्ण आयोजन में पुलिस विभाग के साथ-साथ राजस्व विभाग, चकबंदी विभाग और स्थानीय निकाय के अधिकारी व कर्मचारी पूरी मुस्तैदी के साथ उपस्थित रहे। भूमि विवाद, पैमाइश, पारिवारिक और राजस्व से जुड़े मामलों का मौके पर ही निस्तारण करने के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को गांवों में भेजने के निर्देश दिए गए। ?अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का समय पर निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि आम जनता को न्याय के लिए चक्कर न काटने पड़ें।



## पीस कमेटी की बैठक का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। आगामी त्योहारों रक्षाबंधन, श्री कृष्ण जन्माष्टमी , बारावफात आदि को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बांगरमऊ उपजिलाधिकारी बृज मोहन शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में लोगों से त्योहारों को शान्ति एवं शौहार्द पूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई। बैठक में मौजूद उप जिलाधिकारी एवं सी ओ सफीपुर दीपक कुमार ने उपस्थित ग्राम प्रधान एवं सम्भ्रांत लोगों से आगामी त्योहारों को शान्ति एवं शौहार्द पूर्ण माहौल में मनाने की अपील की, ।उन्होंने कहा कि त्योहारों में कोई भी ऐसी गतिविधि न होने दे जिससे माहौल खराब हो ।यदि किसी अराजक तत्व को ऐसा करते देखे तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें ।उन्होंने लोगों को त्योहारों की अग्रिम बधाई दी। इस अवसर पर, प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष मिथिलेश जयसवाल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष साबिर अली, प्रधान राम गोपाल पाण्डेय, राधेश्याम पाल, पूर्व प्रधान मोती, थाना स्टाफ के मनवीर, आनन्द सहित तमाम प्रधान गण एवं सम्भ्रांत लोग उपस्थित थे।

## दो बाइकों की टक्कर में बाइक सवार मां- बेटे घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर ग्राम मुस्तफाबाद के निकट शनिवार को दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को यहाँ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया ।प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया ।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नसीर नगर निवासी अकरम पुत्र शौकत अपनी मां बशीरन के साथ बाइक से फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम खेव ?ई जा रहे थे। रास्ते मे लखनऊ मार्ग पर ग्राम मुस्तफाबाद के निकट अचानक सामने आयी बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि अकरम की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में अकरम और उनकी मां बशीरन दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने घायलों को यहाँ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।





## खंड शिक्षा अधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय कुसुम्भी का शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी शुचि गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में सत्र परीक्षाएं संचालित मिलीं। करीब 90 प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति और विद्यालय की शैक्षिक व भौतिक व्यवस्थाओं को देखकर बीईओ ने संतोष जताते हुए प्रभारी शिक्षक जियालाल समेत पूरे स्टाफ की सराहना की।

निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने छात्र एवं शिक्षक उपस्थिति, निपुण भारत से संबंधित सामग्री, स्मार्ट क्लास, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, शौचालयों और विद्यालय परिसर की स्वच्छता सहित विभिन्न बिंदुओं की जांच की। इस दौरान समस्त शिक्षक उपस्थित मिले और विद्यालय में सत्र परीक्षा सुचारु रूप से संचालित पाई गई।

बीईओ शुचि गुप्ता ने विद्यालय के बेहतर शैक्षिक एवं भौतिक परिवेश की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी शिक्षक इसी प्रकार शत-प्रतिशत प्रयास करते हुए विद्यालय को और ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने विद्यालय स्टाफ और प्रभारी शिक्षक जियालाल के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने सफाई कर्मचारियों दीपांशु और संजीत को भी समय से विद्यालय पहुंचकर परिसर को स्वच्छ बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलने पर बीईओ ने पूरे स्टाफ का उत्साहवर्धन किया।

## ट्रैक्टर की चपेट से वृद्ध की मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के गांव तालिब पुर रहली में रात में बिजली न आने के कारण रोशनी के लिए ट्रैक्टर की बैटरी से तार जोड़कर रोशनी करने का प्रयास कर रहा एक अधेड़ अचानक गेयर में पड़ा ट्रैक्टर स्टार्ट हो जाने से उसकी चपेट मे आने से गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे परिजन सी एच सी ले गए जहां प्राथमिक इलाज के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को कोई सूचना नहीं दी और उसका अन्तिम संस्कार कर दिया ।शुक्रवार देर रात गाँव में बिजली नहीं आ रही थी जिसके कारण रोशनी के लिए गाँव का करीब साठ वर्षीय राम औतार अपने ट्रैक्टर से रोशनी करने का प्रयास करने लगा तभी गेयर में पड़ा होने के कारण ट्रैक्टर अचानक चल पड़ा जिससे रामऔतार उसकी



चपेट में आकर गिर गया और घायल हो गया। उसके घायल होने की जानकारी होते ही गाँव के लोग उसे लेकर सी एच सी पहुंचे जहां गम्भीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही रामऔतार ने दम तोड़ दिया। मृतक खेती किसानी करके जीवन यापन करता था। परिजनों ने पुलिस सम्बन्धी कोई कार्यवाही नहीं की और उसका अन्तिम संस्कार कर दिया।

## सम्पादकीय

# बदलते भारत ने बदला अमेरिका का नजरिया

कश्मीर को लेकर अब दुनिया का नजरिया बदलने लगा है। इसे समझने के लिए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर का जम्मू-कश्मीर दौरा अहम है। आर्टिकल-370 हटने के बाद किसी अमेरिकी राजदूत का कश्मीर में पहला आधिकारिक दौरा और इस दौरान जम्मू-कश्मीर को भारत का अहम हिस्सा बताना महज एक औपचारिक बयान नहीं है, बल्कि यह उस बदलते भारत की तस्वीर है जो अब आंखों में आंखें डालकर बात करता है और दुनिया में तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है। बता दें कि इससे पहले अमेरिका पाक समर्थित बयान देता आया है और शुरुआती दशकों में अमेरिका जम्मू-कश्मीर को एक 'विवादित क्षेत्र' और भारत-पाकिस्तान के बीच एक द्विपक्षीय या त्रिपक्षीय राजनीतिक समस्या के रूप में देखता रहा है। अब सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अमेरिकी राजदूत ने कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था की भी तारीफ की। उन्होंने माना कि नई दिल्ली और स्थानीय सरकार ने सुरक्षा के लिए काफी काम किया है। अमेरिका अपने नागरिकों के लिए जारी ट्रैवल एडवाइजरी में इस स्थिति को ध्यान में रखेगा, यह संकेत भी अपने आप में अहम है। कश्मीर की कहानी लंबे समय तक आतंकवाद, अलगाववाद, हिंसा और अशांति के इर्द-गिर्द घूमती रही है। 1989 के बाद घाटी में शुरू हुई हिंसा ने न केवल स्थानीय जीवन को प्रभावित किया, बल्कि दुनिया के सामने कश्मीर की एक ऐसी छवि बनाई, जिसमें सामान्य जिंदगी और विकास पीछे छूट गए। विदेशी सरकारों ने भी अपने नागरिकों को यहां यात्रा न करने की सलाह दी। अमेरिका की लेवल-4 ट्रैवल एडवाइजरी इसी लंबे सुरक्षा संकट की अंतरराष्ट्रीय अभिव्यक्ति रही है। पिछले कुछ वर्षों में तस्वीर बदलने की कोशिश स्पष्ट दिखाई देती है। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने के साथ पर्यटन, निवेश, आधारभूत ढांचे और लोकतांत्रिक गतिविधियों पर जोर बढ़ा है। ऐसे में किसी बड़े देश के राजदूत का कश्मीर पहुंचकर स्थिति का प्रत्यक्ष आकलन करना अपने आप में महत्वपूर्ण है। यह दौरा भारत की कूटनीतिक सफलता के लिहाज से भी अहम है। भारत लगातार यह कहता रहा है कि जम्मू-कश्मीर उसका अभिन्न हिस्सा है और यहां की स्थिति को बाहरी नजरिए से नहीं, बल्कि जमीनी वास्तविकताओं के आधार पर समझा जाना चाहिए। कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला का यह कहना कि बातचीत में जम्मू-कश्मीर से जुड़े पुराने मुद्दों पर भी चर्चा हुई, बताता है कि कश्मीर की कहानी केवल केंद्र और विदेशी सरकारों के बीच कूटनीतिक संवाद तक सीमित नहीं है। स्थानीय सरकार की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। यदि सुरक्षा के साथ राजनीतिक संवाद और विकास की प्रक्रिया आगे बढ़ती है तो बदलाव अधिक टिकाऊ होगा। अब अमेरिका की ट्रैवल एडवाइजरी में बदलाव इस बदलती तस्वीर की अगली बड़ी परीक्षा हो सकती है। यदि भविष्य में अमेरिका अपने नागरिकों के लिए कश्मीर को लेकर चेतावनी का स्तर कम करता है, तो इससे पर्यटन और अंतरराष्ट्रीय धारणा दोनों को सकारात्मक बल मिलेगा। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि सुरक्षा और सामान्य स्थिति को लगातार बनाए रखा जाए। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि बदलते भारत ने दुनिया को नजरिया बदलने का कारण दिया है और गोर का दौरा इसका महत्वपूर्ण संकेत है। भारत के लिए अब चुनौती केवल यह साबित करना नहीं है कि कश्मीर बदल गया है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि यह बदलाव स्थायी, समावेशी और दिखाई देने वाला हो, तभी बदलते भारत की तस्वीर दुनिया की नजरों में पूरी तरह मजबूत होगी।

# रक्षा क्षेत्र में बदलती भारत की तस्वीर



आत्मनिर्भरता

महेन्द्र तिवारी

> रक्षा उत्पादन विभाग ने 18 अगस्त 2026 को सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण 405 वस्तुओं वाली छठी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची अधिसूचित की है। इन वस्तुओं का अनुमानित कारोबार मूल्य 3,070 करोड़ रुपये है। इसका लक्ष्य ऐसा मजबूत राष्ट्रीय रक्षा औद्योगिक तंत्र तैयार करना होना चाहिए जो सेना की जरूरतों को समय पर पूरा करे, नई तकनीक विकसित करे, युवाओं को रोजगार दे, उद्योगों को अवसर प्रदान करे और भारत को विश्व के रक्षा बाजार में एक विश्वसनीय निर्माता के रूप में स्थापित करे। यदि नीति, उद्योग, अनुसंधान और सैन्य जरूरतों के बीच प्रभावी तालमेल बना रहा तो आने वाले वर्षों में इसका प्रभाव केवल रक्षा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा।

भारत की रक्षा नीति इन दिनों एक ऐसे महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रही है, जिसमें लक्ष्य केवल विदेशी हथियारों और सैन्य उपकरणों की खरीद करना नहीं, बल्कि उनके निर्माण की पूरी व्यवस्था को देश के भीतर विकसित करना है। रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग ने 18 अगस्त 2026 को सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण 405 वस्तुओं वाली छठी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची अधिसूचित की है। इन वस्तुओं का अनुमानित कारोबार मूल्य 3,070 करोड़ रुपये है। सूची में भारतीय तटरक्षक बल से संबंधित 16 वस्तुएं और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से संबंधित 389 वस्तुएं शामिल हैं।

यह निर्णय भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पहली दृष्टि में 405 वस्तुओं की संख्या सामान्य लग सकती है, लेकिन इस सूची का वास्तविक महत्व इसकी संख्या से कहीं अधिक है। इसमें केवल बड़े हथियार या सैन्य वाहन शामिल नहीं हैं, बल्कि उनके लिए आवश्यक उपप्रणालियां, कलपुर्जे, अतिरिक्त पुर्जे, उपसंयोजन और कच्चा माल भी शामिल हैं। इसका अर्थ यह है कि भारत अब रक्षा आत्मनिर्भरता को केवल लड़ाकू विमान, टैंक, हेलीकॉप्टर या युद्धपोत बनाने तक सीमित नहीं रखना चाहता। उसकी कोशिश उन छोटी से छोटी वस्तुओं को भी देश में बनाने की है, जिनकी उपलब्धता किसी बड़े सैन्य उपकरण के संचालन के लिए अनिवार्य होती है। नई सूची में उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर, हल्के उपयोगिता हेलीकॉप्टर, सुखोई 30 मार्क-I, हल्के लड़ाकू विमान और एएल 31 एफपी इंजन जैसे वायु मंचों से जुड़ी वस्तुएं शामिल हैं। इसके अलावा टी-72, टी-90 और बीएमपी-2 जैसे बख्तरबंद सैन्य मंचों से संबंधित सामग्री भी सूची में है। युद्धपोतों, मिसाइल प्रणालियों, रडार, सोनार, अग्नि नियंत्रण प्रणाली और उपग्रह संचार जैसी महत्वपूर्ण रक्षा प्रणालियों से जुड़ी वस्तुओं को भी स्वदेशीकरण के दायरे में लाया गया है। उच्च विस्फोटक टैंक रोधी गोला बारूद तथा अन्य महत्वपूर्ण रक्षा उपकरण भी इसका हिस्सा हैं। इस निर्णय को समझने के लिए यह जानना जरूरी है कि आधुनिक युद्ध केवल बड़े हथियारों से नहीं लड़ा जाता। किसी लड़ाकू विमान की क्षमता उसके इंजन के साथ साथ उसके रडार, संचार उपकरण, नियंत्रण प्रणाली और अनेक छोटे कलपुर्जों पर निर्भर करती है। इसी तरह टैंक केवल उसके मुख्य हथियार से प्रभावी नहीं होता, बल्कि उसकी दृष्टि प्रणाली, संचार व्यवस्था, इंजन, सुरक्षा उपकरण और अनेक अन्य प्रणालियां उसके युद्धक प्रदर्शन को निर्धारित करती हैं। यदि इन महत्वपूर्ण हिस्सों में से किसी एक की आपूर्ति विदेश से रुक जाए तो पूरा सैन्य मंच प्रभावित हो सकता है। इसलिए वास्तविक रक्षा आत्मनिर्भरता का अर्थ हथियारों के साथ उनकी पूरी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना है। यही कारण है कि नई सूची भारत की सामरिक सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। युद्ध जैसी आपात स्थिति में किसी देश की सैन्य शक्ति केवल उसके पास मौजूद हथियारों की संख्या से तय नहीं होती, बल्कि यह भी देखा जाता है कि वह अपने हथियारों को कितने लंबे समय तक सक्रिय रख सकता है। यदि किसी महत्वपूर्ण पुर्जे के लिए विदेशी आपूर्ति पर निर्भरता बनी रहे तो युद्ध की स्थिति में सैन्य तैयारी प्रभावित हो सकती है। स्वदेशी



उत्पादन ऐसी निर्भरता को कम करता है और सेना को आवश्यक सामग्री की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायता करता है। इसका दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष भारतीय उद्योग के लिए खुलने वाला नया बाजार है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार नई सूची में शामिल प्रत्येक वस्तु के स्वदेशीकरण के लिए एक सांकेतिक समयसीमा तय की गई है। स्वदेशी विकास सफल होने के बाद इन वस्तुओं की खरीद भारतीय उद्योग से की जाएगी। रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और भारतीय तटरक्षक बल उद्योग की भागीदारी के साथ विभिन्न माध्यमों से इन वस्तुओं के स्वदेशीकरण का कार्य करेंगे। इसमें छोटे और मध्यम उद्योगों की भागीदारी को महत्व दिया गया है। छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए यह अवसर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि रक्षा क्षेत्र में प्रवेश करना लंबे समय तक कठिन माना जाता रहा है। रक्षा उपकरणों की जटिल तकनीक, कठोर गुणवत्ता मानक और सीमित बाजार के कारण छोटी कंपनियों के लिए इस क्षेत्र में निवेश करना जोखिमपूर्ण रहा है। यदि सरकार और रक्षा सार्वजनिक उपक्रम पहले से यह स्पष्ट कर दें कि किन वस्तुओं की खरीद देश के भीतर से की जाएगी, तो उद्योगों को उत्पादन क्षमता विकसित करने के लिए अधिक निश्चितता मिलती है। इससे निजी निवेश बढ़ सकता है और नई तकनीक विकसित करने की प्रक्रिया को गति मिल सकती है। इस दिशा में सृजन रक्षा पोर्टल की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों और सेवा मुख्यालयों द्वारा आवश्यक रक्षा सामग्री को देश के उद्योगों, विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों तथा नवोदित कंपनियों के सामने रखना है, ताकि उनका स्वदेशी विकास और उत्पादन किया जा सके। जून 2026 तक इस पोर्टल के माध्यम से 33,000 से अधिक रक्षा वस्तुओं को स्वदेशीकरण के लिए उद्योगों के सामने उपलब्ध कराया जा चुका था। हालांकि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की राह चुनौतियों से मुक्त नहीं है। सबसे बड़ी चुनौती गुणवत्ता की है। सामान्य औद्योगिक उत्पाद और सैन्य उपकरण एक समान नहीं होते। रक्षा क्षेत्र में किसी छोटे पुर्जे की खराबी भी गंभीर परिणाम पैदा कर सकती है। इसलिए भारतीय कंपनियों को केवल कम लागत में वस्तु बनाने की क्षमता विकसित करने के बजाय उच्च विश्वसनीयता और कठोर परिस्थितियों में लगातार काम करने की क्षमता विकसित करनी होगी। दूसरी चुनौती अनुसंधान और विकास की है। यदि भारत केवल विदेशों में विकसित तकनीक की नकल करके पुर्जे बनाने तक सीमित रहता है तो इसे वास्तविक आत्मनिर्भरता नहीं कहा जा सकता। असली आत्मनिर्भरता तब होगी जब भारतीय वैज्ञानिक, अभियंता, विश्वविद्यालय, अनुसंधान संस्थान और उद्योग मिलकर नई तकनीक विकसित करेंगे। रक्षा क्षेत्र में भविष्य की प्रतिस्पर्धा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मानवरहित प्रणालियों, उन्नत सामग्री, अंतरिक्ष तकनीक, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और अत्याधुनिक सेंसर जैसी तकनीकों पर अधिक निर्भर होगी,इसलिए स्वदेशीकरण को अनुसंधान से जोड़ना आवश्यक है। रक्षा आत्मनिर्भरता का अंतिम लक्ष्य आयात के आंकड़े घटाना भर नहीं होना चाहिए। इसका लक्ष्य ऐसा मजबूत राष्ट्रीय रक्षा औद्योगिक तंत्र तैयार करना होना चाहिए जो सेना की जरूरतों को समय पर पूरा करे, नई तकनीक विकसित करे, युवाओं को रोजगार दे, उद्योगों को अवसर प्रदान करे और भारत को विश्व के रक्षा बाजार में एक विश्वसनीय निर्माता के रूप में स्थापित करे। यदि नीति, उद्योग, अनुसंधान और सैन्य जरूरतों के बीच प्रभावी तालमेल बना रहा तो आने वाले वर्षों में इसका प्रभाव केवल रक्षा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। यह भारत के औद्योगिक विकास, तकनीकी क्षमता, रोजगार और सामरिक स्वायत्तता को भी नई गति दे सकता है।

मुद्दा

डॉ. मोनिका शर्मा



# निलंबित करना काफी नहीं सख्त सजा से रुकेगी रैगिंग

बीते दिनों सूरत मेडिकल कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्र ने वरिष्ठ छात्रों द्वारा की जा रही रैगिंग से तंग आकर आत्महत्या कर ली। प्रथम वर्ष के नौ रेजिडेंट डॉक्टरों और आत्महत्या करने वाले छात्र के पिता की शिकायत के आधार पर हुई कार्रवाई के तहत चार रेजिडेंट डॉक्टरों को अनुशासनहीनता और गंभीर लापरवाही के कारण छह महीने के लिए निलंबित किया गया है। छात्रों द्वारा लिखित शिकायत में चारों रेजिडेंट डॉक्टरों पर मानसिक उत्पीड़न, गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाने के बाद कॉलेज की एंटी-रैगिंग कमेटी ने यह कार्रवाई की है। सवाल यह है कि किसी परिवार के सपने उजाड़ने और एक युवक को जिंदगी से हारने की मनः स्थिति तक लाने वालों के लिए यह सजा काफी है? क्या गिनती के महीनों के लिए निलंबन भर की सजा से विद्यार्थियों का मनोबल तोड़ने वाली पीड़ादायी घटनाओं की पुनरावृत्ति रुकेगी? अपने जूनियर छात्रों को अपमानित करने की बर्बर सोच और संवेदना शून्य व्यवहार वाले डॉक्टरों पर दंड का क्या ही असर होगा? सच तो यह है कि नाममात्र सजा मिलना ही इन घटनाओं के दोहराव का कारण है। विडम्बना ही है कि नए सत्र में परिचय और वरिष्ठता की हनक दिखाने के नाम पर रैगिंग की भयावह परम्परा हर साल कई विद्यार्थियों का जीवन लील जाती है। पहली बार घर से दूर गए बच्चों के लिए मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न का कारण बनती है। स्कूलों से लेकर व्यावसायिक कॉलेजों तक, रैगिंग की बेहूदा घटनाओं आते रहते हैं। जबकि ऐसे वाकये भावी प्रतिभाओं को ही नहीं पूरे परिवार और समाज को आघात पहुंचाने वाले हैं। आखिर क्यों देश के हर हिस्से में स्कूल-कॉलेज आए नये बच्चे भय और चिंता झेलने को विवश हों? देखा जाए तो ऐसे किसी दस्तूर की ज़रूरत ही क्या है? भविष्य बनाने के नयें पड़ाव पर संस्थान के अपरिचित परिवेश में पहले ही भय से जूझ रहे का मनोबल तोड़ना कहां तक उचित है?

इन स्थितियों का नये बच्चों को संबल देने, सहज रहने के बजाय संस्थान का माहौल बिगाड़ने में ज्यादा योगदान है।बच्चों को पढ़ाई-लिखाई से ही विमुख करने वाली यह बर्बरता बहुत से बच्चों को आत्महत्या करने की कगार पर ले जाती है। बहुत से बच्चे तो भय के परिवेश में पढ़ाई तक छोड़ देते हैं। वस्तुतः, शारीरिक पीड़ा पहुंचाने वाला यह दुर्व्यवहार बच्चों को मानसिक और मनोवैज्ञानिक रूप से भी गहराई से प्रभावित करता है। कहना गलता नहीं होगा कि शोषण की मानसिकता लिए यह बर्ताव पीड़ित बच्चों के मानवाधिकारों का हनन ही है। बावजूद इसके कनिष्ठ विद्यार्थियों को निर्वस्त्र करना, यौन उत्पीड़न, घृणित स्तर का मजाक, अपशब्द कहना और जबरन नशा करवाना तक अब रैगिंग का हिस्सा बन गए हैं। जीवन तक छीन लेने वाले इस बर्बर बर्ताव में सीनियर छात्र अपनी हनक दिखने के नाम पर निम्नतम स्तर की विकृत मानसिकता का परिचय देने लगे हैं। बावजूद इसके कारवाई के नाम पर सस्पेंड भर करने की खाना पूर्ति इनका दुस्साहस बढ़ाती है। उच्चतम न्यायालय द्वारा वर्ष 2001 से ही रैगिंग पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भी कई नियम लागू किए गए हैं। यूजीसी द्वारा कॉलेजों में रैगिंग रोकने के लिए विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को लिखे पत्र में कहा चुका है कि प्रॉस्पेक्टस पर रैगिंग रोकने के नियमों और उससे जुड़े कानूनों को भी प्रकाशित करवाएं। कुछ साल पहले केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने भी स्कूलों में रैगिंग के बढ़ते मामलों और खतरों को देखते हुए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए थे।ध्यातव्य है कि यूजीसी एंटी-रैगिंग रेगुलेशन-2009 देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में लागू होता है। उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, गोवा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, असम, केरल जैसे राज्यों ने अलग से कानून बनाया हुआ है। बावजूद इसके शिकायतों के आंकड़े बढ़ रहे हैं। नेशनल एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों को देखें तो 2021 के मुकाबले 2025 में रैगिंग से संबन्धित शिकायतें दोगुनी हो गई हैं।

# लोकहित में त्याग करने वाले ही बनते हैं संत



संकलित

दर्शन

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्र का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।

# मनोबल जगाने की जरूरत



संकलित

प्रेरणा

राजा सुकीर्ति के पास एक लौहश्रुन्ध नामक हाथी था। राजा ने कई युद्ध में उस पर चढ़ाई करके विजय पायी थी। बचपन से ही उसे इस प्रकार से तैयार किया गया था कि युद्ध में शत्रु सैनिको को देखकर वो उनपर इस तरह टूट पड़ता। समय गुजरता गया, अब वह पहले की तरह कार्य नहीं कर पाता था। इसलिए अब राजा उसे युद्ध क्षेत्र में भी नहीं भेजते थे। वह सिर्फ हाथी शाला की शोभा बन कर रह गया। एक दिन वह सरोवर में जल पीने के लिए गया, लेकिन वहीं कीचड़ में उसका पैर धँस गया और फिर धँसता ही चला गया। हाथी के फँसने का समाचार राजा तक भी पहुँचा। राजा समेत सभी लोग हाथी के आसपास ईकट्ठे हो गए और विभिन्न प्रकार के प्रयत्न उसे निकालने के लिए करने लगे। लेकिन बहुत देर तक प्रयास करने के उपरांत कोई मार्ग नहीं निकला। तभी गौतम बुद्ध मार्गभ्रमण कर रहे थे। राजा और सारा मंत्रीमंडल तथागत गौतम बुद्ध के पास गये और अनुरोध किया। गौतम बुद्ध ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। और फिर राजा को सुझाव दिया कि युद्ध का माहौल बनाया गया, वाद्ययंत्र मंगवाए गए। नगाड़े बजवाये गए और ऐसा माहौल बनाया गया कि शत्रु सैनिक लौहश्रुन्ध की ओर बढ़ रहे है। और फिर तो लौहश्रुन्ध में एक जोश आ गया। गले तक कीचड़ में धंस जाने के बावजूद वह जोर से चिंघाड़ लगाकर सैनिकों की ओर दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से उसे संभाला गया। गौतम बुद्ध ने सबको स्पष्ट किया कि हाथी की शारीरिक क्षमता में कमी नहीं थी, आवश्यकता मात्र उसके अंदर उत्साह के संचार करने की थी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बेरोजगार युवा कीमती समय बर्बाद न करें

शिक्षा का मकसद केवल अफसर या बाबू बनने का सपना ही नही होना चाहिए। शिक्षा का मकसद विद्यार्थियों को हर उस काम के लिए तैयार करना भी होना चाहिए जिससे वो किसी भी काम को छोटा समझकर अपने रोजगार के अवसर को ठुकरा न दें और बाबू या अफसर बनने के चक्कर में अपना कीमती समय बर्बाद न कर दें। इसमें कोई बुरी बात नहीं है कि बड़े-बड़े सपने न देखे जाएं। हर मां-बाप और विद्यार्थियों का सपना होता है कि उच्च शिक्षा और इस पर भारी खर्च करके कोई उच्च कोटि की नौकरी मिल जाए, लेकिन जिस तरह हमारे देश में पढ़े-लिखे युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है और बेरोजगारी की लाइन लंबी होती जा रही है, उसके लिए जरूरी हो गया है कि युवा रोजगार का कोई भी मौका हाथ से न जाने दें। *- लक्ष्य राजपूत, रोहतक*

## करंट अफेयर

### अंतरिक्ष यात्रियों ने खराब आईएसएस एंटीना हटाया

भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन और उनकी फ्रांसीसी साथी सोफी एडेनॉट अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) का 'स्पेस-टू-ग्राउंड' एंटीना को बदलने का काम निर्धारित समय में पूरा नहीं कर सके। अब यह काम भविष्य में अंतरिक्ष की एक अन्य चहलकदमी के दौरान पूरा किया जाएगा। छह घंटे 23 मिनट तक अंतरिक्ष में चहलकदमी के दौरान दोनों अंतरिक्ष यात्रियों ने खराब हो चुके एंटीना को सफलतापूर्वक हटाकर सुरक्षित स्थान पर रख दिया। भारत में केरल से ताल्लुक रखने वाले मेनन के लिए यह अंतरिक्ष में चहकदमी का दूसरा मौका था।



## ऑफ बीट

### आपकी माफी किस तरह प्रभावशाली हो सकती है

जब आप किसी से माफी मांगते हैं तो कई बार ऐसे सही शब्द खोज पाना मुश्किल हो जाता है, जिससे सामने वाले को लगे कि वाकई आप क्षमा मांग रहे हैं। लेकिन ऐसे कुछ भाषाई तरीके हैं जिनका इस्तेमाल करके आप अपना सटीक संदेश प्रभावशाली तरीके से दे सकते हैं। हम जो शब्द चुनते हैं उनकी लंबाई इस बात को प्रभावित करती है कि माफी कितनी ईमानदार से मांगी जा रही है। क्षमा को अक्सर 'हल्की बात' के रूप में वर्णित किया जाता है। कोई भी व्यक्ति 'सॉरी' बोल देता है, भले ही वह वास्तव में कैसा भी महसूस करता हो। लेकिन माफी काम भी करती है। शोध से पता चलता है कि अगर कोई व्यक्ति माफी मांगता है तो लोग बेहतर महसूस करते हैं



## ट्रेंड

### पदों की संख्या कम



हम आईएएस, आईएफएस और आईपीएस पदों की संख्या कम कर रहे है। योजनाओं को ठीक से लागू करने के लिए जितने की जरूरत होगी, उतने ही रखे जाएँगे। इससे राज्य के लगभग 200 करोड़ रुपये बचेंगे।
-सुखविंदर सिंह सुखु, सीएम, हिमाचल प्रदेश

### रिपोर्ट पर कार्रवाई



हमने सदन में कैग की 19 रिपोर्ट पेश की, जिनमे से हर एक में केजरीवाल सरकार के समय हुए किसी न किसी घोटाले का जिक्र था। इन सभी रिपोर्ट पर कार्रवाई चल रही है। सत्येंद्र जैन ने जल बोर्ड में घोटाला किया था, इसी वजह से वे जेल गए है। कार्रवाई जारी है और एजेंसियां अपना काम कर रही हैं।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### अमित शाह का दबाव



गिरफ्तारी तब की जाती है जब पुलिस को किसी व्यक्ति से पूछताछ करनी हो। पुलिस ने सत्येंद्र जैन को हिरासत मे नही लिया। इसका मतलब है कि सत्येंद्र से पूछताछ की कोई जरूरत नही है। उन्हे सिर्फ अमित शाह के दबाव मे गिरफ्तार किया गया है।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### ऊर्जा का स्रोत



गुस्सा भले ही ऊर्जा का स्रोत लगे, लेकिन यह अंधा होता है। इसके कारण हम अपना संयम खो बैठते है। नकारात्मक भावनाएं, जो अक्सर अचानक उठने वाली इच्छा से पैदा होती है, उन्हें तर्क से सही नही ठहराया जा सकता।
- दलाई लामा, आध्यात्मिक गुरु

## संक्षेप

### बारिश के दौरान दीवार गिरी, वृद्धा की मौत

**24 घंटे में परिवार के खाते में पहुंचाए 4 लाख रुपए; बकरियों और पशुशाला के नुकसान की भी मिली मदद**

अमेठी , गगौली ग्राम के सूबेदार का पुरवा में भारी बारिश के दौरान दीवार गिरने से 65 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई। हादसे में फूलकली पत्नी बाबूलाल की जान चली गई। जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के 24 घंटे के भीतर मृतका के परिजनों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करा दी।मुख्यमंत्री के निर्देशों के तहत दैवीय आपदा से प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत देने की व्यवस्था के तहत जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशन में कार्रवाई की गई। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने मृतका के परिजनों के बैंक खाते में 4 लाख रुपए की सहायता राशि हस्तांतरित की। दो बकरियों की मौत पर 8 हजार और पशुशाला के लिए 3 हजारहादसे में परिवार की दो बकरियों की भी क्षति हुई।प्रशासन की ओर से इसके लिए 8 हजार रुपए की सहायता राशि दी गई।वहीं, बारिश और दीवार गिरने से पशुशाला को हुए नुकसान के लिए 3 हजार रुपए की आर्थिक मदद उपलब्ध कराई गई।प्रशासन बोला- आपदा प्रभावितों को समय से मिलेगी मददजिला प्रशासन के मुताबिक आपदा प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत पहुंचाने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लगातार सक्रिय है। जिलाधिकारी संजय चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि पीड़ित परिवारों को जल्द राहत मिल सके।

### एसबीआई की विभिन्न शाखाओं से 6.40 करोड़ की धोखाधड़ी

**फर्जी कर्मचारियों के नाम पर एक्सप्रेस क्रेडिट लोन, 12 लोगों पर मुकदमा**

अमेठी,भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की विभिन्न शाखाओं से करीब 6.40 करोड़ रुपए की कथित वित्तीय धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि फर्जी कर्मचारियों के नाम पर नियुक्ति पत्र, वेतन पर्ची और फॉर्म-16 तैयार कर बैंक में लगाए गए और इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर एक्सप्रेस क्रेडिट लोन स्वीकृत करा लिए गए। मामले में एसबीआई अमेठी शाखा के मुख्य प्रबंधक राहुल सिंह की तहरीर पर 12 नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।मुख्य प्रबंधक राहुल सिंह के अनुसार, बैंक में 64 ऋण खातों की जांच के दौरान करीब 6.40 करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितता सामने आई।इनमें 11 ऋण खाते एसबीआई की अमेठी शाखा से जुड़े बताए गए हैं। आरोप है कि राजीव गांधी पॉलीटेक्निक एवं ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, मुसाफिरखाना से जुड़े कर्मचारियों और अन्य लोगों ने मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए।इनमें नियुक्ति पत्र, वेतन पर्ची और फॉर्म-16 शामिल थे।इन दस्तावेजों में संबंधित लोगों को संस्थान का कर्मचारी दिखाया गया और बैंक में जमा कराकर उनके नाम पर एक्सप्रेस क्रेडिट लोन स्वीकृत कराया गया।पहले जमा की ईएमआई, बाद में खाते हुए एनपीएबैंक के मुताबिक, लोन स्वीकृत होने के बाद कुछ समय तक संबंधित खातों में ईएमआई जमा की गई।

# रुपईडीहा में एसएसबी अधिकारियों की पत्रकारों के साथ समन्वय बैठक

अमन लेखनी समाचार




रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा और सीमावर्ती क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर एसएसबी की 42वीं वाहिनी रुपईडीहा बीओपी पर पत्रकारों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीमा क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों की जांच, सुरक्षा व्यवस्था तथा आम नागरिकों को होने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के दौरान पत्रकारों ने सीमा पर आने-जाने वाले नागरिकों की जांच के दौरान होने वाली परेशानियों और दुर्व्यवहार से जुड़े मुद्दे अधिकारियों के समक्ष रखे।हिंदुस्तान के वरिष्ठ पत्रकार मनीराम शर्मा ने सीमा पर आने वाले लोगों के साथ व्यवहार का मुद्दा उठाते हुए जांच प्रक्रिया को सहज और सम्मानजनक बनाए जाने की बात कही।वहीं अमित कौशल ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा से आने-जाने वाले नागरिकों की जांच सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक है, लेकिन अनावश्यक रूप से लोगों को परेशान न किया जाए। उन्होंने जांच प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया।

बैठक में 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गिरीश चंद्र पांडेय ने पत्रकारों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों को गंभीरता से सुना और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा के साथ-साथ आम नागरिकों की सुविधा का भी ध्यान रखा जाएगा।

रुपईडीहा भारत-नेपाल सीमा का प्रमुख आवागमन केंद्र है।यहां सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय को लगातार मजबूत किया जा रहा है। पूर्व में भी भारत और नेपाल के अधिकारियों की बैठकों में सीमा सुरक्षा, सूचनाओं के आदान-प्रदान और अवैध गतिविधियों की रोकथाम पर जोर दिया गया है।

बैठक में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों ने सहभागिता की। अधिकारियों ने पत्रकारों से भी सीमा क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं को जिम्मेदारी के साथ साझा करने तथा सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग की अपेक्षा जताई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ एसएसबी और स्थानीय पत्रकारों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा।

# बलहा विधायक की अध्यक्षता में गंगापुर में आयोजित हुआ सामग्री वितरण शिविर

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। विकास खण्ड मिहींपुरवा अन्तर्गत ग्राम गंगापुर में उद्यान विभाग द्वारा आत्मा योजनान्तर्गत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए आयोजित सामग्री वितरण शिविर को मुख्य अतिथि विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर द्वारा शुभारम्भ किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक बलहा श्रीमती सोनकर द्वारा कृषकों को खेती और बागवानी में फसलों को हानिकारक कीटों और पतंगो से सुरक्षित किये जाने वाले सोलर लाइट ट्रैप, फेरोमोन, फ्रूट फ्लाई ट्रैप, यलो एवं ब्लू स्टिकी ट्रैप आदि का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा एवं जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी द्वारा कृषकों को बताया गया कि इन सभी प्रकार के ट्रैप का उपयोग करके कृषक बन्धु अपनी फसल को कीट/पंतगों से होने वाले नुकसान से बचा सकते हैं और उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं तथा उत्पादन में आने वाली अतिरिक्त लागत को भी न्यून किया जा सकता है।कृषि अधिकारियों द्वारा बताया गया कि सब्जी की खेती करने वाले कीट पतंगों से फसल को बचाने के लिए कीट नाशक का प्रयोग कर रहे हैं जिससे मानव शरीर को कैंसर, किडनी जैसी तमाम गम्भीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में बताया कि वर्ष 2050 तक पूरे विश्व में 10 में से 09 लोग कैंसर से पीड़ित होंगे।कीट नाशकों के छिड़काव से होने वाली मग्भीर बीमारियों से बचाव सोलर लाइट ट्रैप, फेरोमोन, फ्रूट फ्लाई ट्रैप, यलो एवं ब्लू स्टिकी ट्रैप सर्वोत्तम उपाय हैं। अधिकारियों द्वारा किसानों को सुझाव दिया गया कि कम से कम कीट नाशक का प्रयोग करें जिससे लागत में कमी आयेगी और मानव शरीर भी स्वस्थ रहेगा।

# धर्मकांटे पर युवक से मारपीट, चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। थाना फखरपुर क्षेत्र के गजाधरपुर स्थित धर्मकांटे पर शनिवार देर रात चार अज्ञात नकाबपोशों द्वारा युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एफआईआर के मुताबिक, 22 अगस्त की रात करीब 1:40 बजे ग्राम अरईकला निवासी वेद प्रकाश पाठक अपने साथी प्रिंस मिश्रा के साथ धर्मकांटे पर मौजूद थे। आरोप है कि चार अज्ञात लोग मुंह पर कपड़ा बांधकर पहुंचे और प्रिंस मिश्रा के कमरे में घुसकर मारपीट करने लगे।विरोध करने पर उन्होंने वेद प्रकाश के साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।घटना की सूचना पुलिस को 112 नंबर पर दी गई।मौके से कुछ दूरी पर 12 बोर के कारतूस का खोखा मिलने की बात भी एफआईआर में दर्ज है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1), 115(2), 351(3) व 352 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।थाना अध्यक्ष फखरपुर रामकुमार राजभर ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।मामले की विवेचना प्रचलित है और जांच के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।




# पर्व त्यौहारों पर अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाईः मोनालिसा जौहरी

### एसडीएम ने थानाध्यक्षों व आमजन के साथ की बैठक

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना मुर्तिहा एवं थाना सुजौली परिसर में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की गईं। दोनों बैठकों की अध्यक्षता एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने की। बैठकों में पुलिस क्षेत्राधिकारी, दोनों थानों के थाना प्रभारी, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, कानून-व्यवस्था पर लगातार नजर रखने तथा किसी भी सूचना पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने स्पष्ट कहा कि अफवाह फैलाने एवं माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक एवं आपत्तिजनक सूचनाओं पर भी विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। बैठकों में त्योहारों के दौरान यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली एवं पेयजल व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। एसडीएम ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।एसडीएम ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि त्योहारों को प्रेम, शांति और भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर विश्वास न करें।दोनों बैठकों में उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं संभ्रांत लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

# उप निबंधक कार्यालय में घुसा बारिश का पानी, रजिस्ट्री कराने पहुंचे लोग परेशान

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। लगातार बारिश के बाद कैसरगंज स्थित उप निबंधक कार्यालय परिसर में जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है। कार्यालय परिसर में पानी भरने से लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। बैनामा और विवाह पंजीकरण समेत अन्य कार्यों के लिए पहुंचे लोगों को पानी से होकर कार्यालय तक पहुंचना पड़ रहा है।बारिश का पानी कार्यालय के बाहर बने परिसर में जमा हो गया है। जलभराव के चलते लोगों के बैठने के लिए रखी गई टेबल-कुर्सियां भी पानी में डूब गईं।इससे कार्यालय आने वाले लोगों को बैठने के लिए भी जगह नहीं मिल पा रही है।सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों महिलाओं और दूर-दराज से आने वाले लोगों को हो रही है।स्थानीय अधिवक्ताओं और कर्मचारियों का कहना है कि बारिश के दौरान जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से हर बार ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है।पानी निकासी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने के कारण कार्यालय परिसर में काफी देर तक पानी जमा रहता है।लोगों ने प्रशासन से कार्यालय परिसर की जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने और जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। ताकि बैनामा विवाह पंजीकरण और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आने वाले लोगों को परेशानी से निजात मिल सके।

# लेखपाल संघ ने विभिन्न मागों को लेकर एसडीएम को सौपा ज्ञापन

**अयोध्या प्रकरण की स्वतंत्र जांच और कार्रवाई से पहले शिकायतकर्ता की जांच की उठाई मांग**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की उपशाखा कैसरगंज ने लेखपालों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोधक एवं सतर्कता टीम की कार्रवाई में पारदर्शिता और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। संघ ने आरोप लगाया कि कई मामलों में शिकायत की वास्तविकता और शिकायतकर्ता की पृष्ठभूमि की पर्याप्त जांच किए बिना कार्रवाई से लेखपालों में भय का माहौल बना हुआ है।ज्ञापन में कहा गया कि लेखपाल भूमि विवाद, पैमाइश, अतिक्रमण और अन्य राजस्व मामलों में कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हैं।संघ का आरोप है कि कुछ मामलों में असंतुष्ट लोगों द्वारा झूठी शिकायतों के जरिए लेखपालों को फंसाने का प्रयास किया जाता है।संघ ने भ्रष्टाचार का समर्थन नहीं करने की बात कहते हुए कार्रवाई से पहले निष्पक्ष जांच की मांग की।ज्ञापन में 20 अगस्त 2026 को अयोध्या की तहसील सोहावल में लेखपाल उत्कर्षदीप के विरुद्ध हुई कार्रवाई की स्वतंत्र जांच, निगरानी कैमरों के फुटेज और प्रसारित वीडियो की जांच कराने की मांग की गई।संघ ने मांग की कि भविष्य में कार्रवाई से पहले शिकायत, शिकायतकर्ता और संबंधित राजस्व विवाद की विस्तृत जांच हो। झूठी शिकायत या षड्यंत्र साबित होने पर संबंधित लोगों के खिलाफ प्राथमिकी और दंडात्मक कार्रवाई की जाए।साथ ही कार्रवाई के लिए स्पष्ट एवं पारदर्शी मानक कार्यप्रणाली जारी की जाए।ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष पवन कुमार चौहान, मंत्री चंद्रकेश मौर्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यपाल, उप मंत्री दिनेश चन्द्र आर्य, कोषाध्यक्ष शादाब अहमद और संयोजक अतुल कुमार सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ एनसीसी कैटसी-164 का भव्य शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार




रुपईडीहा, बहराइच। लॉर्ड बुद्धा पीजी कॉलेज परिसर में 51 यूपी बटालियन एनसीसी, बलरामपुर द्वारा आयोजित कैटसी-164 (Combined Annual Training Camp) का भव्य उद्घाटन समारोह शनिवार को उत्साह और देशभक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। शिविर के शुभारंभ अवसर पर एनसीसी कैडेट्स में खासा उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल अनुराग गंजवार ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रसेवा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनसीसी केवल प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं में जिम्मेदारी, साहस, अनुशासन और देश के प्रति समर्पण की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच है।

इस अवसर पर सूबेदार मेजर विनय घोष, सूबेदार सुबिक गुरूंग, बीएचएम रजनीश सिंह एवं सेकेंड ऑफिसर चंदन कुमार गुप्ता सहित एनसीसी के कई अधिकारी एवं प्रशिक्षक मौजूद रहे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हरीश चंद्र तथा डॉ. यशपाल ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया।

उद्घाटन सत्र में कैडेट्स को शिविर के प्रशिक्षण कार्यक्रम, दैनिक दिनचर्या, अनुशासन तथा विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कैडेट्स से प्रशिक्षण के दौरान पूरी लगन और अनुशासन के साथ भाग लेने का आह्वान किया। साथ ही उन्हें देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, भाईचारे और आत्मनिर्भरता की भावना को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

अधिकारियों ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से कैडेट्स को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास किया जाएगा। शिविर में कैडेट्स विभिन्न सैन्य एवं अनुशासनात्मक गतिविधियों के साथ व्यक्तित्व विकास से जुड़े प्रशिक्षण में भी हिस्सा लेंगे।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। राष्ट्रगान के दौरान पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से गूंज उठा। उद्घाटन समारोह ने कैडेट्स में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया तथा पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की झलक देखने को मिली।

# चाचा ने चाकू से हमला कर मां को मार डाला'

**मां की मौत पर बेटी का बयान, महिला देवर के साथ आई थी ससुराल**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , दोपहर करीब 12 बजे 25 वर्षीय महिला का शव ससुराल स्थित घर में मिला। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं, मृतका की नाबालिग बेटी ने पुलिस को बताया कि मां का चाचा से विवाद हुआ था, जिसके बाद चाचा ने चाकू से हमला कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस और फील्ड यूनिट ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। मृतका के शरीर पर चोट के निशान भी मिले हैं।

मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष के ससुर और देवर पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मामला जामो थाना क्षेत्र के पूरे दीवान गांव का है। मृतका की मां ने बताया कि पूनम का देवर उसे ससुराल ले जाने के लिए मायके आया था। वह बेटी को अपने साथ लेकर चला गया। रात करीब नौ बजे मां ने फोन पर पूनम से बात भी की थी। ससुराल से फोन आया कि पूनम को कुछ हो गया है। परिजन मौके पर पहुंचे तो उसकी मौत हो चुकी थी।

### बेटी बोली- चाचा से हुआ था मां का विवाद

मृतका की नाबालिग बेटी ने पुलिस को बताया कि उसकी मां का किसी बात को लेकर चाचा से विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद के दौरान चाचा ने चाकू से हमला कर मां की हत्या कर दी। पुलिस ने इस बयान को भी जांच में शामिल किया है।

### मां ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप

मृतका की मां ने ससुराल पक्ष पर बेटी के साथ मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है। हालांकि, लगाए गए आरोपों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी।

## उप निरीक्षक के खाते से हैकरों ने उड़ाए 6.92 लाख रुपये

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच।साइबर ठगों ने मोतीपुर थाने में तैनात उप निरीक्षक के मोबाइल नंबर को हैक कर उनके बैंक खाते से करीब 6.92 लाख रुपये पार कर दिए।खाते से 11 बार यूपीआई के माध्यम से रकम ट्रांसफर की गई।जानकारी होने पर उप निरीक्षक ने मोतीपुर थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।मोतीपुर थाने में तैनात उप निरीक्षक संजीत कुमार सिंह का बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता जनपद महाराजगंज में संचालित है।आरोप है कि साइबर हैकरों ने उनका मोबाइल नंबर हैक करने के बाद खाते से अलग-अलग 11 ट्रांजैक्शन के जरिए कुल 6,92,550 रुपये निकाल लिए।खाते से लगातार रकम निकलने की जानकारी होने पर उप निरीक्षक को साइबर ठगी का पता चला।उन्होंने मामले में थाना मोतीपुर में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मा गोंड ने बताया कि उप निरीक्षक के महाराजगंज स्थित बैंक खाते से मोबाइल नंबर हैक कर 6,92,550 रुपये का यूपीआई के माध्यम से ट्रांजैक्शन किया गया है।मामले की जांच की जा रही है।

## कैसरगंज तहसील में गिरीश चंद्र श्रीवास्तव बने सरकारी नामिका अधिवक्ता

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।जिलाधिकारी बहराइच के निर्देश के क्रम में तहसील कैसरगंज के लिए गिरीश चंद्र श्रीवास्तव को सरकारी नामिका अधिवक्ता (राजस्व) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 एवं उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता नियमावली, 2016 के प्रावधानों के तहत की गई है।जारी आदेश के अनुसार नामिका अधिवक्ता कैसरगंज तहसील स्थित उपजिलाधिकारी/तहसीलदार एवं चकबंदी अधिकारियों के न्यायालयों में ग्राम सभा के विरुद्ध तथा ग्राम सभा की ओर से दायर होने वाले वादों की पैरवी करेंगे।नियुक्ति का कार्यकाल तीन वर्ष निर्धारित किया गया है।जिला प्रशासन की ओर से जारी आदेश में कैसरगंज सहित जिले की विभिन्न तहसीलों के लिए नामिका अधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई है।

# जिला अस्पताल में चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**ऑक्सीजन पाइप के टुकड़े बरामद, ग्रीन वार्ड के पास छिपाकर रखा था सामान**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , जिला अस्पताल में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है।इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किए गए ऑक्सीजन पाइप के टुकड़े भी बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, जिला अस्पताल में ऑक्सीजन पाइप और अन्य सामान चोरी होने की घटना सामने आई थी।इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। दोपहर करीब 3 बजे कोतवाली नगर पुलिस सदर अस्पताल चौकी क्षेत्र में गश्त कर रही थी और संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्रीन वार्ड के पास घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नासिर (35 वर्ष), रामबाबू (40 वर्ष) और राजू (30 वर्ष) के रूप में हुई है।पुलिस ने नासिर के कब्जे से चोरी किए गए ऑक्सीजन पाइप के टुकड़े बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 17 अगस्त को जिला अस्पताल से ऑक्सीजन पाइप और अन्य सामान चुराया था।चोरी के दौरान सुरक्षा गार्ड के मौके पर पहुंचने पर वे वहां से भाग गए थे और चोरी किए गए पाइप के टुकड़ों को ग्रीन वार्ड के पास छिपा दिया था।

## संक्षेप

### पिता-दो बहनों की हत्या के दोषी को उम्रकैद

**कोर्ट ने 10 हजार रुपए का लगाया जुर्माना, संपत्ति से बेदखल होने पर दिया था अंजाम**

बागपत , बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में पिता और दो बहनों की हत्या के मामले में न्यायालय ने आरोपी बेटे को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 10 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। 2022 में हुए इस तिहरे हत्याकांड में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गवाहों की गवाही और पेश किए गए साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। मामला 15 अगस्त 2022 का है। मृतक बृजपाल की पत्नी शशि ने बड़ौत कोतवाली में तहरीर देकर अपने बेटे अमर उर्फ लक्ष्य पर हत्या का आरोप लगाया था। उन्होंने बताया था कि अमर ने धारदार हथियार से अपने पिता बृजपाल की हत्या कर दी। विरोध करने पर उसने अपनी दोनों बहनों अनुराधा और ज्योति को भी मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। संपत्ति से बेदखली से नाराज था आरोपी शशि के मुताबिक, अमर के खराब चाल-चलन के कारण उसके पिता ने उसे संपत्ति से बेदखल कर दिया था। इसके अलावा वह अपनी बहनों के बाहर आने-जाने को लेकर भी नाराज रहता था। इसी के चलते उसने पिता और दोनों बहनों की हत्या कर दी। एडीजीसी अशोक सैनी ने बताया कि मामले में सभी गवाहों की गवाही और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी माना और आजीवन कारावास व 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

### भाकियू अराजनीतिक ने डीएम ऑफिस मे सौंपा ज्ञापन

**पानी-सड़क समस्याओं के समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी**

बागपत, भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक ने नगर पालिका और जल निगम से संबंधित समस्याओं ऑफिस मे ज्ञापन देकर तत्काल समाधान की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिला अध्यक्ष चौधरी धीरेंद्र कसाना के नेतृत्व में दिया गया। संगठन ने आरोप लगाया कि लंबे समय से शिकायतें दर्ज होने के बावजूद कई समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है और अब कागजी कार्रवाई के बजाय जमीनी स्तर पर काम की आवश्यकता है। ज्ञापन में बताया गया कि शहर के कई क्षेत्रों में दो वर्ष, छह महीने और दो महीने से पानी की समस्या बनी हुई है। किसान यूनियन ने प्रभावित इलाकों में तत्काल पेयजल आपूर्ति सुचारू करने की मांग की। इसके अतिरिक्त, टूटी हुई पाइपलाइनों की मरम्मत और खराब पानी की लाइनों को तुरंत ठीक करने की भी मांग की गई। संगठन ने सुभाष गेट के सामने मुख्य पानी की लाइन की तत्काल मरम्मत की मांग उठाई। साथ ही, जल निगम की खुदाई के कारण खराब हुई सड़कों की मरम्मत कराने को भी कहा गया। ज्ञापन में झूठी शिकायतों और कार्यों की गुणवत्ता को लेकर भी जांच की मांग की गई। किसान यूनियन ने नगर पालिका की लगभग दस लंबित समस्याओं का मौके पर समाधान कराने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पालिका और जल निगम के अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालने के बजाय, संबंधित अधिकारी को मौके पर भेजकर समस्याओं का समाधान कराएं। ज्ञापन में जनसुनवाई पोर्टल पर झूठी या भ्रामक रिपोर्ट लगाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की जांच कर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

## थाना परिसर में आगामी त्योहारों के चलते आयोजित हुआ बैठक कार्यक्रम

**जुलूस ए मोहम्मदी को लेकर उच्च अधिकारी ने शांति व्यवस्था के लिए की अपील**




अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर, आगामी त्यौहार रक्षाबंधन तथा जुलूस ए मोहम्मदी आदि को लेकर हिंदू मुस्लिम समुदाय से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनपद के जहानाबाद थाना परिसर में बैठक कार्यक्रम आयोजित किया गया बैठक में मौजूद पुलिस क्षेत्राधिकारी बिंदकी प्रियांश जैन ने आगामी 26 अगस्त को मुस्लिम समुदाय के प्रमुख त्योहार जुलूस ए मोहम्मदी को निकालने के लिए सुरक्षा व्यवस्था तथा जुलूस निकालने वालों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए आम जन समुदाय से अपील किया कि आगामी हिंदू समुदाय का प्रमुख त्यौहार रक्षाबंधन तथा मुस्लिम समुदाय का त्योहार जुलूस ए मोहम्मदी को दोनों समुदाय सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाऐ वहीं मुस्लिम त्यौहार के चलते मौजूदा लोगों से अपील करते हुए उच्च अधिकारी ने दिशा निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की अराजकता जुलूस के दौरान नहीं फैलनी चाहिए यदि कोई भी व्यक्ति अराजकता फैलाता है तो उसके ऊपर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी ने थाना प्रभारी समेत अन्य अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए बताया कि जुलूस मार्ग का बारीकी से निरीक्षण करें तथा मार्गों की साफ सफाई यातायात समस्याएं आदि से आम जनमानस को किसी भी प्रकार की समस्या ना आए इस मौके पर बैठक के दौरान जहानाबाद कस्बे के पूर्व अध्यक्ष हाफिज अनवारुल हक डॉक्टर असलम अंसारी हाफिज फैजान शहर काजी मौलाना मोहम्मद शफी खान नूरी आदित्य सेंगर रोहित सचान विष्णुगोपाल समेत भारी संख्या में हिंदू मुस्लिम समुदाय के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे

## सब्जी के खेत में पड़ा मिला रोलर चालक का शव मामला संदिग्ध

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के औंग थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बीकमपुर जाने वाले मार्ग के किनारे एक खेत में 47 अधेड़ का शव बरामद हुआ आवागमन करने वाले लोगों ने नजदीकी पुलिस प्रशासन को सूचना दी जहां सूचना पाकर पहुंची पुलिस प्रशासन ने शव को कब्जे में लेते हुए शव की शिनाख्त कराई जानकारी लेने पर थाना प्रभारी दिनेश शुक्ला ने बताया कि मृतक की पहचान 47 वर्षीय राम सिंह पुत्र स्वर्गीय गंगा सिंह निवासी गांव महटेनी थाना कोतवाली खागा के रूप में हुई विगत एक दशक से मृतक औंग थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी अपने भांजे रामप्रताप सिंह गौतम के घर निवास करते हुए रोलर चलाने का काम करता था पुलिस प्रशासन ने राम प्रताप को सूचना दी तथा जानकारी ली जहां जानकारी देते हुए भांजे राम प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक मामा विगत तीन दिनों से घर नहीं आए बिना जानकारी दिए चले गए थे शनिवार सुबह एक सब्जी के खेत में पड़े शव की सूचना प्रशासन ने मृतक के परिजनों को भी दी घटना स्थल पर पहुंचे बिंदकी क्षेत्राधिकारी प्रियांक जैन ने तहकीकत करते हुए फॉरेंसिक टीम को आमंत्रित किया जहां पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल करते हुए साक्ष जुटाऐ मिली जानकारी के अनुसार अकबर खेड़ा गांव से बीकमपुर गांव तक सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ है जहां मृतक रोलर चलाने का काम करता था वही घटनास्थल के पास बनी एक नलकूप की कोठरी में भी कभी-कभी रुक जाता था औंग थाना प्रभारी दिनेश शुक्ला ने शव को कब्जे में लेकर संदिग्धता जताने पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

## घरेलू विवाद के चलते महिला ने लगाई फांसी हुई मौत

**घटना से पहले महिला ने घर आई अपनी मां से की मुलाकात**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सरांय धरमपुर निवासी 30 वर्षीय महिला मोनी पत्नी अरविंद उत्तम ने घर के अंदर पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया मिली जानकारी के अनुसार विगत दिवस शुक्रवार देर शाम मृतका की मां घर आई थी वहीं घरेलू विवाद के चलते मृतका ने अपनी मां से गुफ्तगू की और मां अपनी बेटी से मिलकर वापस चली गई वहीं देर शाम बेटी ने कमरा बंद कर छत में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली कमरे के अंदर से काफी देर तक बहू के न निकलने पर परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो महिला मोनी का शव फंदे पर लटकता मिला आनन-फानन परिजन नीचे उतारकर आत्म संतोष के लिए नजदीकी जहानाबाद कस्बे के एक निजी अस्पताल में ले गए जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया वही जानकारी लेने पर थाना प्रभारी जहानाबाद योगेश कुमार ने बताया कि घटना की कोई भी मौखिक या लिखित सूचना प्रशासन को नहीं दी गई मामला प्रशासन की संज्ञान में नहीं है यदि किसी भी प्रकार की लिखित सूचना प्राप्त होती है तो उस पर जांच की जाएगी

## सूना घर पाकर चोरों ने नकब लगाकर लाखों का लगाया चूना

**पति-पत्नी में चलते विवाद के तहत लगाए गए आरोप निराधार**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर , जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव किशनपुर चिराई की एक महिला ने नजदीकी थाने में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि उसके तालाबंद मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए घटना को अंजाम दिया सूना मकान पाकर अज्ञात चोरों ने दीवार काटकर नकब लगाई तथा मकान के अंदर जाकर लाखों रुपए की जेवरात तथा नगदी गायब कर दी गृह स्वामिनी रीता देवी ने लिखित तहरीर देते हुए बताया कि विगत 16 अगस्त को वह अपने पति के साथ अपने मायके खागा कोतवाली क्षेत्र के संवत गांव चली गई थी मकान में ताला बंद था वही वापस 21 अगस्त को लौट के पश्चात दंपति ने घर के अंदर पहुंचते ही चारों तरफ बिखरा हुआ सामान देख अचंभित हो गए वहीं घर के पीछे की दीवार कटी देखकर अंदर कमरे में जांच की जहां बक्से में रखी सोने चांदी के आभूषण जैसे ढाई सौ ग्राम की कमर पेटी तोड़िया बिछिया समेत अन्य आभूषण तथा 5 000 रुपए नगदी गायब मिले थाना प्रभारी



सत्यपाल सिंह ने पीड़िता की लिखित तहरीर स्वीकृत करते हुए प्रारंभिक जांच प्रारंभ की जहां मामला संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि पति पत्नी में काफी दिनों से विवाद भी चल रहा है अज्ञात चोरों पर लगाए गए आरोप निराधार साबित हो रहे हैं

## पुलिस मुठभेड़ में दो गौतस्कर अरेस्ट

**टीम पर फायरिंग कर भाग रहे थे, पुलिस ने पैर में मारी गोली; तमंचे-बाइक बरामद**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, लिसाड़ी गेट क्षेत्र में देर रात पुलिस और गोकशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस के मुताबिक, चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें घायल हालत में गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के मुताबिक, देर रात मदीना मस्जिद के पास चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की बाइक पर दो युवक आते दिखाई दिए।

पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो दोनों फायरिंग करते हुए मदीना कॉलोनी की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा कर दोनों को घेर लिया। इसके बाद आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें दोनों के पैर में गोली लगी। घायल आरोपियों की पहचान याद इलाही (35) निवासी एल अहमद नगर, थाना लोहियानगर और याकूब (38) निवासी लक्खीपुरा, थाना लिसाड़ी गेट के रूप में हुई है।

### 19 अगस्त की गोकशी में शामिल होने का आरोप

सीओ कोतवाली संग्राम सिंह ने बताया कि 19 अगस्त की सुबह लिसाड़ी गेट क्षेत्र के फतेहउल्ला रोड पर गोकशी की घटना हुई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। इसी मामले की जांच के दौरान पुलिस को दोनों आरोपियों के बारे में जानकारी मिली। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में दोनों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर गोकशी की घटना को अंजाम देने की बात बताई है। अब पुलिस फरार दोनों साथियों की तलाश कर रही है।

### दो तमंचे और कारतूस बरामद

पुलिस ने मौके से .315 बोर के दो तमंचे, तीन जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस और बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद की है। दोनों आरोपियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपी पहले भी गोकशी के मामलों में वांछित रहे हैं। याद इलाही के खिलाफ चोरी, गोवध अधिनियम, आबकारी अधिनियम और आर्म्स एक्ट समेत 8 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं याकूब के खिलाफ 3 मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## सरहन बुजुर्ग में हुई चोरी का अपराधी हुआ गिरफ्तार

**पीतल के घंटे समेत धारदार हथियार व नगदी हुई बरामद**

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर , जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सरहन बुजुर्ग के एक मंदिर में पूर्व काल में हुई चोरी की छानबीन करते हुए प्रशासन ने एक अपराधी को गिरफ्तार किया जनपद के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के दिशा निर्देश का पालन करते हुए चांदपुर थाना प्रभारी वृंदावन राय एवं उनकी टीम ने एक अपराधी को गिरफ्तार किया सरहन बुजुर्ग गांव में हुई चोरी की लिखित तहरीर के पश्चात प्रशासन ने खोजबीन की तथा जांच करते हुए दबिश डालकर 19 वर्षीय अभियुक्त लल्लू पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम टपनी थाना ललौली जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया अभियुक्त की तलाशी ली गई जहां अभियुक्त के पास गांव के मंदिर से चोरी किए गए पीतल के 5 घंटा एक धारदार कटर तथा 2100 रुपए नगद बरामद हुए मिली जानकारी के अनुसार उपर्युक्त अभियुक्त वर्तमान में सरहन बुजुर्ग थाना चांदपुर गांव में ही निवास कर रहा था अभियुक्त के खिलाफ पूर्व काल में भी थाना चांदपुर में कई धाराओं पर मुकदमा पंजीकृत हुए थाना प्रभारी ने अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए मुकदमा अपराध संख्या 158/26 धारा 331 (4) 305 बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दियो इस सराहनीय कार्य में थाना चांदपुर के उपनिरीक्षक चौकी प्रभारी दपसौरा अंकुश यादव आरक्षी सुधीर सत्यम सिंह आयुष सिंह आदि का सराहनीय सहयोग रहा

## 2 युवकों के बीच विवाद-एक की मौत

**ढाबे पर शराब पीने के दौरान कहासुनी, डंडे से हमला; आरोपी हिरासत में**

अमन लेखनी समाचार



लोनी /गाजियाबाद ,ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में देर रात ढाबे पर शराब पीने के दौरान दो युवकों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी बढ़ने पर एक युवक ने दूसरे पर डंडे से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से करीब 50 साल के दिलीप कुमार की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी नरेंद्र (22) को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना गढ़ी कटिया अंडरपास के पास स्थित नक्श ढाबे की है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि ढाबा बंद होने के बाद दोनों युवक वहीं शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर नरेंद्र ने दिलीप पर डंडे से हमला कर दिया इसी ढाबे में देर रात शराब पीने के दौरान दो युवकों के बीच विवाद हो गया था।घायल दिलीप को ढाबा संचालक लोनी के 50 शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे। सुबह करीब 3 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस के मुताबिक दिलीप करीब 15 दिन पहले ही ढाबे पर काम करने आए थे। आरोपी नरेंद्र भी ढाबे पर कर्मचारी था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर घटना की वजह और पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटा रही है।

## अस्पतालों पर कार्रवाई के विरोध में व्यापारी भी उतरे

**मेरठ आवास विकास कार्यालय को घेरा, 21 अस्पतालों को नोटिस दिया गया था**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, आवास विकास परिषद की कार्रवाई के विरोध में अस्पताल संचालक और व्यापारियों ने आवस विकास कार्यालय पर धरना दिया। अस्पताल संचालक पिछले दो दिन से विरोध कर रहे थे, वहीं व्यापारियों ने भी उनके समर्थन में धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने परिषद की कार्रवाई रोकने की मांग की थी। धरने के दौरान प्रदर्शनकारियों का प्रतिनिधिमंडल प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत के लिए पहुंचा। बातचीत में प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया कि 21 सितंबर तक, यानी सुप्रीम कोर्ट की अगली सुनवाई तक, किसी व्यापारी या अस्पताल संचालक के खिलाफ कोई नया नोटिस, बुलडोजर एक्शन या अन्य कार्रवाई नहीं की जाएगी। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने धरना खत्म कर दिया ।जगदम्बा अस्पताल के संचालक रविंद्र गुर्जर ने कहा कि 21 सितंबर से पहले यदि कोई कार्रवाई होती है तो दोबारा धरना दिया जाएगा। वहीं, यदि सुप्रीम कोर्ट का फैसला उनके पक्ष में नहीं आता है तो उसके बाद फैसले के अनुसार आगे की लड़ाई की रणनीति तैयार की जाएगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आवास विकास परिषद ने आवासीय भवनों में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी। शास्त्रीनगर, जागृति विहार और माधवपुरम समेत कई आवासीय योजनाओं में सर्वे कराया जा रहा है। इसी अभियान के तहत शास्त्रीनगर के आवासीय भूखंडों पर संचालित 21 अस्पतालों और नर्सिंग होम को नोटिस दिए गए थे। परिषद ने 13 अगस्त को इन अस्पतालों पर नोटिस चस्पा किए थे। एहर और मकानों में व्यावसायिक गतिविधियों और सेटबैक के नियमों को लेकर भी मामला चल रहा है। इसकी अगली सुनवाई सितंबर में होनी है। टेंट लगाकर धरने पर बैठे प्रदर्शनकारी प्रदर्शन में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच रहे हैं। कई प्रदर्शनकारी अपने साथ गद्दे और टेंट लेकर आए हैं और परिसर में टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए हैं। प्रदर्शनकारी मौके पर ही रहकर अपनी मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं। उनका कहना है कि मांगों पर सुनवाई होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इन अस्पतालों को नोटिस अर्जुन हॉस्पिटल, अर्जुन मेमोरियल एंड मल्टी स्पेशियलिटी, जीवन ज्योति नर्सिंग होम, कैपिटल हॉस्पिटल, विकास गर्ग नर्सिंग होम, सुनीता नर्सिंग होम, जगदंबा हॉस्पिटल, संतोष हॉस्पिटल, एमसीसी हॉस्पिटल, डॉ. यूनूस नर्सिंग होम, सुशील नर्सिंग होम, ब्लासम नर्सिंग होम, एसएम हॉस्पिटल, वेदांत हॉस्पिटल, अग्रवाल नर्सिंग होम, शिवम नर्सिंग होम, उपाध्याय नर्सिंग होम, आनंदित नर्सिंग होम, अंबे नर्सिंग होम और प्रेम नर्सिंग होम समेत 21 अस्पताल शामिल हैं। 128 दिन से धरने पर सेक्टर-2 की महिलाएं शास्त्रीनगर सेक्टर-2 की एहर और कॉलोनी की महिलाएं भी अपनी मांगों को लेकर लगातार धरने पर बैठी हैं। उनका धरना करीब 128 दिन से जारी है। बीते दिन महिलाओं ने रात में क्षेत्र में घूम-घूमकर लोगों से अपने आंदोलन के लिए सहयोग और समर्थन मांगा। महिलाओं का कहना है कि सेटबैक के नियमों के कारण उनके छोटे मकानों पर कार्रवाई का खतरा बना हुआ है।

## कारोबारी से 1.13 करोड़ की ठगी

**निवेश के नाम पर पैसा जमा करवाया, रकम निकालने की कोशिश की तो आरोपियों ने संपर्क तोड़ा**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा,सेक्टर-49 निवासी कारोबारी से साइबर जालसाजों ने शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 1.13 करोड़ रुपए ठग लिए। ठगों ने पहले वॉट्सऐप पर संपर्क किया और खुद को शेयर बाजार का विशेषज्ञ बताया। कारोबारी को एक ग्रुप में जोड़ा गया और वेबसाइट पर खाता बनवाकर निवेश कराया गया। शुरूआत में कारोबारी ने 50 हजार रुपए लगाए। इसके बदले ठगों ने 9 हजार रुपए का मुनाफा दिखाया। मुनाफा देखकर कारोबारी को भरोसा हो गया और उन्होंने अलग-अलग किस्तों में कुल 1.13 करोड़ रुपए जालसाजों के खातों में ट्रांसफर कर दिए। रकम निकालने की कोशिश की तो आरोपियों ने संपर्क तोड़ दिया। मामले में साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा 42 वर्षीय कारोबारी ने पुलिस को बताया कि 8 दिसंबर 2025 को उनके मोबाइल पर एक नंबर से मैसेज आया था। बातचीत के दौरान आरोपी ने खुद को शेयर मार्केट का एक्सपर्ट बताया। इसके बाद उन्हें बीएनआई स्टॉक मार्केट कोच मुंबई नाम के वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ दिया गया। आरोपियों ने एक वेबसाइट पर उनकी आईडी भी बनवाई।

## जिला अस्पताल में भर्ती मामले में दो सीएमएस को नोटिस

**50 लाख से ज्यादा की होगी रिकवरी, 17 कर्मियों की नियुक्ति से जुड़ा मामला**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के नियमों को दरकिनार कर जिला अस्पताल में 17 स्टाफ नर्स और लैब टेक्नीशियन की भर्ती के मामले में शासन ने सख्ती शुरू कर दी है। भर्ती के दौरान तैनात रहीं दो तत्कालीन सीएमएस से 50 लाख रुपए से ज्यादा की रिकवरी की जाएगी। शासन ने जिला प्रशासन को रिकवरी के साथ पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने भर्ती से जुड़े दस्तावेज जुटाने शुरू कर दिए हैं। साथ ही उस समय तैनात अधिकारियों से भी जानकारी मांगी गई है।

### 2023 और 2025 में हुई थी भर्ती

जिला अस्पताल में अगस्त 2023 और 2025 के अलग-अलग महीनों में 15 स्टाफ नर्स और 2 लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति की गई थी। जबकि एनएचएम मुख्यालय पहले ही स्पष्ट कर चुका था कि मानव संसाधन से जुड़ी भर्तियां स्थानीय स्तर पर नहीं की जा सकती हैं। इसके बावजूद जिला अस्पताल स्तर से ही इन कर्मचारियों की नियुक्तियां कर दी गईं। खास बात यह है कि इन कर्मचारियों को 2023 से जून 2026 तक एनएचएम से वेतन भी मिलता रहा। दो तत्कालीन सीएमएस को नोटिस अब प्रशासन भर्ती प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं और इसकी जिम्मेदारी तय करने में जुटा है। कर्मचारियों को दिए गए वेतन और भर्ती प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है। इसी आधार पर भर्ती के दौरान तैनात रहीं दोनों तत्कालीन सीएमएस से रिकवरी की कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रेटर नोएडा में जिम में लगी आग

**पांच लोग सुरक्षित निकाले गए, फायर ब्रिगेड का अधिकारी घायल**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 1 स्थित एक जिम में सुबह आग लग गई। इस घटना में जिम में फंसे पांच लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि आग बुझाने के दौरान जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार घायल हो गए। शीशा तोड़ने के दौरान उनके हाथ में चोट आई है। यह घटना बिसरख थाना क्षेत्र के सेक्टर एक में ऐस सिटी के पास द फिटनेस जिम में हुई। आग लगने के बाद जिम में भारी धुआं भर गया था। दमकल कर्मियों ने क्रेन की मदद से ऊपर पहुंचकर जिम के शीशे तोड़े ताकि धुआं बाहर निकल सके और आग पर काबू पाया जा सके। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि उन्हें सुबह करीब 8:00 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही तीन दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। आग महावीर प्लाजा की दूसरी मंजिल पर स्थित डब्ल्यूटीएफ फिटनेस जिम में लगी थी। दमकल टीम ने तेजी से आग बुझाने का काम शुरू किया। दीवार तोड़कर अंदर पानी डाला गया और अंदर फंसे पांच लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

# कुरैठा में बी-पैक्स समिति का भव्य शुभारंभ, किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

**गरौठा विधायक और एमएलसी प्रतिनिधि की मौजूदगी में हुआ उद्घाटन**

**अमन लेखनी समाचार**




बामौर (झाँसी)। ब्लॉक बामौर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरैठा में शनिवार को बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड (बी-पैक्स) का भव्य शुभारंभ किया गया। इस केंद्र के खुलने से क्षेत्र के कुरैठा, दखनेश्वर, अहरौरा एवं मलेहटा गाँव के ग्रामीणों और किसानों को अब स्थानीय स्तर पर ही सहकारिता से जुड़ी सभी जरूरी सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गरौठा विधायक जवाहरलाल राजपूत, एमएलसी प्रतिनिधि आर. पी. निरंजन, जिला सहकारी बैंक झाँसी के अध्यक्ष जयदेव पुरोहित और पूर्व जिलाध्यक्ष झाँसी व बुंदेलखंड विकास बोर्ड के सदस्य डॉ. जगदीश सिंह चौहान मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में समिति के अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बामौर केशव सिंह परिहार ने मुख्य अतिथियों का फूल-माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथियों ने कहा कि बी-पैक्स के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने इसे सहकारिता के विस्तार और गाँवों को सशक्त व स्वावलंबी बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार की एक बेहद महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख बामौर चंद्रभान सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रताप सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि पुष्पेंद्र पटेल, सत्यप्रकाश तिवारी सहित भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय पदाधिकारीगण, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, समिति के सचिव सूर्य प्रताप सिंह और बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# शिक्षक के आत्मसम्मान के लिए शिक्षकों ने किया शांतिपूर्ण प्रदर्शन

**अड़जरा कंपोजिट विद्यालय में प्रधानाध्यापक से अभद्रता के मामले पर जताई नाराजगी**

**अमन लेखनी समाचार**

बामौर। विकासखंड बामौर अंतर्गत अड़जरा स्थित कंपोजिट विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक के साथ गांव के कुछ लोगों द्वारा कथित धक्का-मुक्की और अभद्रता किए जाने के मामले को लेकर शिक्षक संगठनों में नाराजगी है। शनिवार को ब्लॉक बामौर के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक अड़जरा कंपोजिट विद्यालय में एकत्र हुए और शिक्षक के आत्मसम्मान के समर्थन में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि शिक्षक समाज के साथ किसी भी प्रकार का अभद्र अथवा अराजक व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिक्षकों ने कहा कि शिक्षक पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ बच्चों के भविष्य को संवारने का कार्य करते हैं। ऐसे में शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं चिंताजनक हैं। उन्होंने



संबंधित अधिकारियों से मामले में उचित कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि शिक्षक के सम्मान और सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

# पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर किया गया निरीक्षण

**अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखने हेतु पुलिस कर्मियों से टोलीवार ड्रिल एवं दौड़ कराई गई।**

**यू0पी0-112 एवं विभिन्न थानों से आए वाहनों व उपकरणों की सघन चेकिंग कर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।**

**परिवहन शाखा, क्वार्टर गार्द, स्टोर, मेस, बैरक एवं पुलिस लाइन परिसर का किया गया निरीक्षण।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। आज दिनांक 21.08.2026 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों की शारीरिक दक्षता, अनुशासन एवं कार्यकुशलता को बनाए रखने तथा पुलिस बल में एकरूपता एवं टीम भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से टोलीवार ड्रिल एवं दौड़ कराई गई। पुलिस कर्मियों को सदैव फिट, अनुशासित एवं कर्तव्यनिष्ठ रहते हुए जनसेवा तथा कानून-व्यवस्था के दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा यू0पी0-112 एवं जनपद के विभिन्न थानों से आए वाहनों की सघन चेकिंग की गई। वाहनों की तकनीकी स्थिति, साफ-सफाई एवं रख-रखाव के साथ-साथ दंगा नियंत्रण उपकरण, वायरलेस सेट, प्राथमिक उपचार किट, अग्निशमन यंत्र एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता एवं कार्यशीलता का परीक्षण किया गया। वाहन चालकों एवं संबंधित पुलिस कर्मियों को वाहनों एवं उपकरणों का नियमित रख-रखाव सुनिश्चित करने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी पुलिस रिस्पांस के लिए सदैव तैयार रहने के निर्देश दिए गए। परिवहन शाखा के निरीक्षण के दौरान वाहनों के अभिलेख, रख-रखाव, फिटनेस एवं उपलब्ध संसाधनों की स्थिति का जायजा लिया गया तथा वाहनों को सदैव दुरुस्त एवं क्रियाशील रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा क्वार्टर गार्द, स्टोर, मेस, गैस गोदाम, बैरक एवं पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन की समस्त व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त एवं उच्च स्तर पर बनाए रखने तथा पुलिस कर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

**खास समाचार**

# डॉ. विवेक कुमार सोनी ने संभाला सीएचसी गरौठा का कार्यभार

**क्षेत्रवासियों में खुशी, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की जगी उम्मीद**

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गरौठा में डॉ. विवेक कुमार सोनी को नया प्रभारी कार्यभार सौंपे जाने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। गरौठा में तैनात डॉ. राहुल गुप्ता के स्थानांतरण के बाद डॉ. सोनी को सीएचसी गरौठा की जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. विवेक कुमार सोनी गरौठा के साथ करगुंवा खुर्द में भी अपनी सेवाएं देंगे। दोनों स्वास्थ्य केंद्रों पर सप्ताह में तीन-तीन दिन मरीजों का उपचार किया जाएगा। उनके कार्यभार संभालने की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्यकर्मियों और क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दीं। क्षेत्रवासियों के मुताबिक गरौठा सीएचसी पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में अस्पताल में चिकित्सकीय व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने, मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में नए प्रभारी से काफी उम्मीदें हैं। बताया जाता है कि डॉ. सोनी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति सक्रियता और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में सीएचसी गरौठा की व्यवस्थाओं में सुधार होगा और ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य ने किया जनसंपर्क

**कार्यकर्ताओं से संगठन मजबूती और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाने का किया आह्वान**

**अमन लेखनी समाचार**



गरौठा। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य और महिला आयोग की सदस्य अनुपमा सिंह लोधी ने गरौठा मंडल के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से जनसंपर्क किया। उन्होंने शक्ति केंद्र कचीर एवं महावीर नगर में पार्टी संयोजकों व कार्यकर्ताओं के निवास पर पहुंचकर सौजन्य भेंट की और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचाने का आह्वान किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने गरौठा के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता पुरुषोत्तम पांडे के निवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। वहीं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रामकिशन खटीक से भी शिष्टाचार भेंट की।

## महिलाओं से किया सीधा संवाद

दौरे के दौरान अनुपमा सिंह लोधी ने स्थानीय महिलाओं से संवाद कर महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं सुरक्षा के लिए संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पात्र महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाएं।

## संगठन की मजबूती पर जोर

ग्राम कचीर में शक्ति केंद्र संयोजक छत्रपाल पाल एवं बूथ अध्यक्ष के निवास पर संगठनात्मक चर्चा हुई। इसके अलावा ग्राम हीरानगर के अध्यक्ष तथा ग्राम मछलीकांच के इंद्रपाल निषाद से भी सौजन्य भेंट कर सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा की गई। इस दौरान शक्ति केंद्र संयोजक छत्रपाल पाल, जितेंद्र सिंह (टिंचू परिहार) गरौठा के पूर्व मंडल अध्यक्ष बल्लन सर, मयंक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दुद्धीचुआ परियोजना के समीप वर्षा प्रभावित परिवारों की मदद में जुटा जिला प्रशासन

**लगभग 120 प्रभावित परिवारों को दो समय पका भोजन एवं फूड पैकेट का नियमित वितरण।**

**राहत शिविर लगाकर भंडारे के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा भोजन एवं आवश्यक खाद्य सामग्री।**

**जलनिकासी के साथ खउइ से रास्तों एवं आवासीय परिसरों से मलबा और कीचड़ हटाने का कार्य जारी।**

**एसडीएम एवं राजस्व टीम ने किया स्थलीय सर्वे, नुकसान का आकलन कर नियमानुसार अनुमन्य सहायता की होगी कार्रवाई।**

**प्रभावित परिवारों को हरसंभव राहत एवं सहायता उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता—जिलाधिकारी।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। जनपद में हुई भारी वर्षा के कारण दुद्धीचुआ परियोजना के समीपवर्ती रिहायशी क्षेत्र में अचानक अधिक मात्रा में पानी आने से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के आधार पर व्यापक राहत एवं सहायता कार्य किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में प्रशासन एवं एनसीएल की टीमें मौके पर लगातार सक्रिय हैं और प्रभावित परिवारों की आवश्यकताओं के अनुरूप भोजन, खाद्य सामग्री सहित अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। भारी वर्षा के कारण दुद्धीचुआ परियोजना के समीप कई आवासीय परिसरों एवं रास्तों में पानी के साथ मिट्टी, मलबा एवं कीचड़ जमा हो गया था। स्थिति की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन एवं एनसीएल प्रबंधन की संयुक्त टीमों द्वारा राहत कार्य प्रारंभ कराया गया। प्रभावित क्षेत्रों में जलनिकासी के साथ खउइ मशीनों की सहायता से रास्तों, आवासीय परिसरों एवं आसपास के क्षेत्रों से मिट्टी, मलबा एवं कीचड़ हटाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

## 120 परिवारों तक पहुंचाई जा रही राहत सामग्री

प्रशासन द्वारा प्रभावित लगभग 120 परिवारों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता पर लेते हुए भोजन एवं खाद्य सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रभावित परिवारों को दो समय पका हुआ भोजन एवं फूड पैकेट नियमित रूप से वितरित किए जा रहे हैं। प्रशासन एवं एनसीएल की टीमें मौके पर रहकर राहत सामग्री के वितरण एवं अन्य व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी कर रही हैं।

# जलालपुरा में ग्रामीण पर लाठी-डंडों से हमला, गंभीर घायल

**पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा, जांच शुरू**

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। कोतवाली गरौठा क्षेत्र के ग्राम जलालपुरा में एक ग्रामीण की लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में धर्मपाल यादव गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में जलालपुरा निवासी धर्मपाल यादव (45) पुत्र मोतीलाल यादव ने बताया कि 21 अगस्त की शाम करीब 5:30 बजे वह भैंसों को चराकर घर लौट रहे थे। हरिजन बस्ती में हुसैन खान के बाड़े के पास पहुंचने पर पहले से मौजूद लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की




धमकी देते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में धर्मपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने धर्मपाल की तहरीर पर श्याम सिंह, महेन्द्र पाल सिंह पुत्रगण धन सिंह, अजीत सिंह, प्रताप सिंह पुत्रगण श्याम सिंह, ज्ञान सिंह पुत्र महेन्द्र पाल सिंह और आकाश सिंह पुत्र ज्ञान सिंह, सभी निवासी ग्राम जलालपुरा के खिलाफ मु0अ0सं0 117/2026 के तहत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एटीएम से बैटरी, स्टेप्लाइजर व यूपीएस चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**छह बैटरियां, स्टेप्लाइजर, यूपीएस के हिस्से और टाटा 409 बरामद**

**अमन लेखनी समाचार**



संडीला। थाना संडीला पुलिस ने एटीएम से बैटरी, स्टेप्लाइजर और यूपीएस चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की छह बैटरियां, एक स्टेप्लाइजर, यूपीएस के अलग-अलग हिस्से और वारदात में प्रयुक्त टाटा 409 गाड़ी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 21 अगस्त 2026 को अमित अग्रवाल पुत्र दिनेश चंद्र निवासी रेलवे गंज, थाना कोतवाली शहर, हरदोई ने संडीला पुलिस को तहरीर दी थी। उन्होंने बताया था कि संडीला चौराहे से लखनऊ सर्विस रोड पर स्थित एटीएम से अज्ञात चोर बैटरी, स्टेप्लाइजर और यूपीएस चोरी कर ले गए हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा संख्या 324/26 के तहत धारा 305(ए)/331(4) बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने प्रिन्स पुत्र बृजेश निवासी नगला उम्मेद, थाना गंजडुंडवारा, जनपद कासगंज और शिवकान्त पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम अगदगढ़ नगडोली, थाना सिकंदरपुर, जनपद कासगंज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की छह बैटरियां, एक स्टेप्लाइजर, यूपीएस के अलग-अलग हिस्से तथा एक टाटा 409 गाड़ी बरामद की। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, कांस्टेबल सचिन शाक्य, कांस्टेबल भानू रावत और कांस्टेबल सहवाज शामिल रहे।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर विद्यालयों का सघन निरीक्षण, शिक्षा व्यवस्था एवं मूलभूत सुविधाओं का लिया गया जायजा

**पठन-पाठन, मिड-डे मील विद्यालय की व्यवस्थाओं का अधिकारियों ने किया स्थलीय सत्यापन।**

**मिड-डे मील का भोजन स्वयं ग्रहण कर अधिकारियों ने परखी गुणवत्ता, शिक्षकों को दिए आवश्यक निर्देश।**

**मिड-डे मील का भोजन ग्रहण कर परखी गुणवत्ता**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जनपद में संचालित परिषदीय एवं अन्य विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा दिनांक 19 अगस्त 2026 को आहूत समीक्षा बैठक में दिए गए निदेशों के क्रम में जनपद के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का नियमित एवं साप्ताहिक स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। अधिकारियों को प्रत्येक सप्ताह न्यूनतम पांच विद्यालयों का निरीक्षण कर निर्धारित प्रारूप पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, पठन-पाठन की स्थिति, शिक्षण कार्य, मिड-डे मील व्यवस्था तथा विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से संवाद किया तथा उनके शैक्षणिक स्तर एवं विद्यालय में उपलब्ध कराई जा रही शिक्षण व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मिड-डे मील के अंतर्गत विद्यालय में तैयार किए गए भोजन को स्वयं ग्रहण कर उसकी गुणवत्ता, स्वाद एवं स्वच्छता की जानकारी ली। भोजन की तैयारी एवं वितरण व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने संबंधित शिक्षकों एवं रसोइयों को निर्देशित किया कि छात्र-छात्राओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा भोजन तैयार करने एवं परोसने के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। अधिकारियों द्वारा विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई, कक्ष-कक्षों की स्थिति सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया। विद्यालय परिसर में स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों के पठन-पाठन, उपस्थिति एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता नहीं होनी चाहिए। विद्यालयों में शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित किया जाए तथा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ के निर्देशन में विद्यालयों का नियमित स्थलीय निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था एवं विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की निरंतर निगरानी की जा रही है, ताकि जनपद के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# कावड़ यात्रा मार्ग की जर्जर हालत,योगी सरकार के दिशा-निर्देशों का नहीं हो रहा पालन

**नगर के मोदी चौराहा,एरच रोड़ पर सड़क मार्ग की हालत जर्जर**

**अमन लेखनी समाचार**



गुरसरांय(झांसी)- कांवड यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री ने सभी कांवड़ मार्गो को दुरुस्त करने के आदेश दिए थे। लेकिन मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद भी नगर के मोदी चौराहे पर बल्लू भैया के पेट्रोल पंप के सामने एवं एरच रोड़ पर कावड़ यात्रा मार्ग की हालत जर्जर है नगर में शिव भक्त कांवड़िया एरच की बेतवा नदी से पवित्र जल लेकर भीमाशंकर महादेव मंदिर कटरा बाजार में भगवान शिव का जलाभिषेक करते है ।यह यात्रा नगर में सोमवार की हाट से होकर बजरिया,बाजार होते हुए भीमाशंकर महादेव मंदिर पहुँचती हैं सोमवार की हाट वाले रास्ते में सड़क की खस्ताहाल हालत है ।कांवड़ियों को कीचड़ और गड्ढों से होकर गुजरना पड़ेगा जिससे फिसलन और दुर्घटना की संभावना भी बढ़ जाती है ।इसके अलावा नगर के श्री कल्याण बाल विद्या मन्दिर के पीछे वाला मार्ग सहित कई अन्य मार्ग अभी भी खराब स्थिति में हैं,कांवड़ मार्ग पर बारिश के होते ही इतना कीचड़ हो जाता है कि कांवड़ियों का पैदल चलना भी दुभर हो जाता है। लेकिन अभी तक इस कावड़ मार्ग की कोई सुध नही ली गयी है ।जिससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानी हो सकती है ।ऐसे में कांवरिया खस्ताहाल रास्ते से पैदल कैसे गुजरेगे यह हाल तब है जब प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी गरौठा निर्देश दे चुके हैं पर नगर में इन आदेशों का कोई भी असर नहीं हो रहा है ।यात्रा मार्ग की बदहाल स्थिति ने शिवभक्तों की चिंता बढ़ा दी है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दे रही है,लेकिन सड़क की दुर्दशा की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर के जागरूक लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत की जाए और कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए उचित व्यवस्था की जाए।

# बंगरा में टूटा 11 हजार वोल्ट का विद्युत तार, ग्रामीणों की सूझबूझ से टली अनहोनी



**अमन लेखनी समाचार**

गरौठा। गरौठा तहसील के ग्राम बंगरा में रहमान के मकान के पास लगभग सुबह 10:00 बजे 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन का तार टूटकर गिर गया। तार टूटने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि ग्रामीणों ने सतर्कता बरतते हुए टूटे हुए विद्युत तार के पास जाने के बजाय तत्काल विद्युत विभाग को फोन कर सूचना दी। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग ने पावर सप्लाई बंद कर दी, जिससे किसी बड़ी अनहोनी की घटना होने से बच गई। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत तार टूटने के बाद यदि समय रहते बिजली आपूर्ति बंद नहीं की जाती, तो गंभीर हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि टूटे हुए तार को जल्द से जल्द दुरुस्त कराया जाए और क्षेत्र में जर्जर विद्युत लाइनों की जांच कराकर आवश्यक मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# राजकुमार ने 'बंटवारा 1947' के खस्ता हाल पर तोड़ी चुप्पी

मुंबई। सनी देओल की 'बंटवारा 1947' की हालत बॉक्स ऑफिस पर बेहद बुरी है। करीब 150 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म पहले हफ्ते में महज 33.60 करोड़ का नेट कलेक्शन कर पाई है। फिल्म का यह हाल क्यों हुआ, इसको लेकर तमाम तरह के तर्क दिए जा रहे हैं। एक तर्क यह भी है कि शायद सनी देओल के किरदार को मुसलमान दिखाना, दर्शकों को रास नहीं आया! अब डायरेक्टर राजकुमार संतोषी ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बताया है कि फिल्म में सनी देओल को एक मुस्लिम किरदार में कास्ट किए जाने की बात पर चर्चा हुई है। यह बात उनके मन में आई थी कि ऐसा किया जाना चाहिए या नहीं। जब राजकुमार संतोषी से पूछा गया कि क्या सनी देओल के मुस्लिम किरदार निभाने से फिल्म को किसी तरह का नुकसान हुआ? उन्होंने माना, 'हमने इस बारे में सोचा था।'

## लाइफ Style

# तापसी



## बदला, संघर्ष और मां का अटूट प्यार

तापसी पन्नू की नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'गांधारी' की रिलीज डेट तय हो गई, फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार है। कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित और देवाशीष मखीजा निर्देशित इस फिल्म में तापसी अपनी बेटी को बचाने वाली उग्र मां के किरदार में दिखेंगी।'फिर आई हसीन दिलरुबा' की शानदार सफलता के बाद तापसी पन्नू और लेखिका-निर्माता कनिका ढिल्लों की जोड़ी एक बार फिर नेटफ्लिक्स पर वापसी कर रही है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

देवाशीष मखीजा के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक मां के अपने बच्चे को बचाने के लिए उठाए जाने वाले चरम कदमों और उसकी अटूट निष्ठा पर आधारित है। जारी किए गए पोस्टर में तापसी पन्नू एक बेहद उग्र और मजबूत महिला के रूप में केंद्र में दिखाई दे रही हैं। डार्क और सस्पेंस भरे बैकग्राउंड के साथ उनके पीछे एक देवी की छाया नजर आती है, जो प्रतिशोध, संघर्ष और रक्षा की एक गहरी कहानी की ओर इशारा करती है। पोस्टर में तापसी के आसपास चार अन्य किरदारों को भी स्थान दिया गया है। पोस्टर साझा करते हुए नेटफ्लिक्स इंडिया ने कैप्शन में लिखा कि सबकी आंखों से बहुत जल्द पट्टी उतरने वाली है और 'गांधारी' 3 सितंबर को प्लेटफॉर्म पर आ रही है। यह एक्शन से भरपूर इमोशनल-थ्रिलर फिल्म 3 सितंबर 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म में तापसी पन्नू मुख्य भूमिका 'बनी' का किरदार निभा रही हैं, जो अपनी लापता बेटी की तलाश में किसी भी हद तक जाने को तैयार है। तापसी के अलावा फिल्म में इशवाक सिंह, छाया कदम, स्वास्तिका मुखर्जी, मीता वशिष्ठ और जतिन सरना जैसे मंजे हुए कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए लेखिका और निर्माता कनिका ढिल्लों ने बताया कि 'गांधारी' के जरिए वे एक ऐसी महिला की कहानी बताना चाहती थीं जो विपरीत परिस्थितियों के आगे झुकने से साफ इनकार कर देती है।

## हॉलीवुड मसाला



# एवेंजर्स डूम्सडे के लिए मार्वल ने दी गाइडलाइन

मुंबई। मार्वल स्टूडियोज की फिल्मों के फैंस बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं एवेंजर्स: डूम्सडे का। इसी बीच डिज्नी प्लस व मार्वल स्टूडियोज ने दे दिया है एक लंबा-चौड़ा होमवर्क, ताकि समझ आए डूम्सडे की पहेली। किसी फिल्म को समझने के लिए फैंस अक्सर उसकी कहानी देखने आते हैं मगर एवेंजर्स: डूम्सडे की बात अलग है। अपनी फिल्मों को एक-दूसरे से बेहद बारीकी से गूंथने में उस्ताद मार्वल मूवीज एक बार फिर ऐसा ही करने जा रहे हैं। एवेंजर्स: डूम्सडे के लिए मार्वल स्टूडियोज व डिज्नी प्लस ने 15 फिल्मों की एक आधिकारिक फाउंडेशनल वॉच लिस्ट जारी की है। मार्वल स्टूडियोज के अनुसार, यदि आप तीन अलग-अलग यूनिवर्स (अर्थ-616, अर्थ-828 का फैंटास्टिक फोर और फाक्स का एक्स-मैन यूनिवर्स) के टकराने का पूरा रोमांच समझना चाहते हैं तो आपको 15 चुनिंदा प्रोजेक्ट्स को देखना ही होगा।




# पार्ट 2 में माइकल के किए नेक कामों को पेश करेंगे : जाफर

लॉस एंजिल्स। अभिनेता माइकल जैक्सन के जीवन पर आधारित फिल्म 'माइकल' दर्शकों को काफी पसंद आई थी। फिल्म में माइकल का किरदार निभाने वाले अभिनेता जाफर जैक्सन ने अब इसके अगले भाग के बारे में जानकारी दी है। एक इंटरव्यू के दौरान जाफर ने बताया कि इसके अलावा दूसरे भाग में वो 'माइकल' के किए नेक कामों को पेश करेंगे। फिल्म नब्बे के दशक से लेकर माइकल के जीवन के अंतिम क्षणों तक की कहानी दिखाएगी। जाफर ने कहा, 'उन्होंने कभी दूसरों में अच्छाई ढूंढने की अपनी भावना को नहीं बदला। चाहे उन्होंने कितनी भी मुश्किलों का सामना किया हो, उनके साथ कैसा भी बर्ताव किया गया हो, उनके बारे में कितनी भी बातें कही गई हों, वो लोगों के साथ दयालुता से ही पेश आए। उन्होंने लोगों में अच्छाई ढूंढने की चाहत कभी नहीं छोड़ी भले ही वह अंदर से टूटे हुए थे, उनका दिल फिर भी वैसा ही रहा। मुझे उम्मीद है कि यह भावना दूसरी फिल्म में दर्शकों को भी महसूस होगी।'



# इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में मलाइका के जलवे

मुंबई। मलाइका अरोड़ा अपने लुक और फिटनेस को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। 52 साल की उम्र में भी वे स्टाइल के मामले में नई एक्ट्रेस को मात देती हैं। उनका ऐसा ही अलहदा अंदाज इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में भी देखने को मिला। मलाइका अरोड़ा आईएफएफएम 2026 में शिरकत करने पहुंची थीं। उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुईं। खुद मलाइका ने इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न से अपनी खूबसूरत झलकियां शेयर की हैं। मलाइका ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'एक साल बाद मेलबर्न वापसी। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न का शुक्रिया हमें दोबारा बुलाने और ऐसा एहसास दिलाने के लिए कि हम कभी गए ही नहीं थे। अच्छी फिल्मों, बेहतरीन लोगों और और भी शानदार यादों के नाम रहा ये खूबसूरत समय'। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2026 का आयोजन 23 अगस्त तक चलेगा।



# बबीता सिंह रिपोर्टिंग का ट्रेलर रिलीज

नई दिल्ली। भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन प्लेटफॉर्म में से एक प्राइम वीडियो ने शुक्रवार को अपनी आगामी प्राइम ओरिजिनल फिल्म बबीता सिंह रिपोर्टिंग का ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज कर दिया है और वर्ल्डवाइड प्रीमियर की तारीख की घोषणा कर दी है। इस रोमांचक इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा का निर्देशन अंबीएका पंडित ने और लेखन अमिता व्यास ने किया है। फिल्म का निर्माण फिल्म स्क्वाड प्रोडक्शंस ने एक्ट थ्री के साथ मिलकर सौरभ मल्होत्रा, मनुज मित्तरा और टीना थरवानी ने किया है। फिल्म के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर सुदीप शर्मा हैं और फिल्म में निमिषा सयाजन , बरुण सोबती और अंशुमान पुष्कर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। बबीता सिंह रिपोर्टिंग का प्रीमियर 28 अगस्त को होगा। यह फिल्म भारत समेत दुनिया के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में हिंदी में (अंग्रेजी सबटाइटल्स के साथ) सिर्फ प्राइम वीडियो पर उपलब्ध होगी।

## टीवी मसाला



# श्वेता के लिए दूल्हा ढूंढ रहीं मल्लिका, रणवीर को बताया बुद्ध

नई दिल्ली। श्वेता तिवारी के लिए दूल्हा चाहिए तो मल्लिका शेरावत तैयार हैं। रणवीर बराड़ जरूरत से ज्यादा ज्ञान दें तो उनके लिए 'गौतम बुद्ध' भी तैयार हैं। शालिनी पासी का बोलने का अंदाज पसंद आया तो उसकी नकल भी हो जाएगी। क्रिस्टल डिसूजा रो दें तो उनके आंसुओं की भी पड़ताल होगी। और इन सबके बीच थोड़ा समय बच जाए तो नाश्ते की टेबल पर कैटवॉक करके उसे 'हैप्पीनेस वॉक' भी बना दिया जाएगा। करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स 2' के आने वाले एपिसोड्स में मल्लिका शेरावत के ऐसे ही कई रंग देखने को मिलेंगे। शो में कई जाने पहचाने चेहरे भरोसे और शक के बीच फंसे हैं। कोई किसी की नीयत पर सवाल उठा रहा है तो कोई खुद को ही सही साबित करने में लगा है। ऐसे माहौल में मल्लिका की नजर सब पर है। श्वेता तिवारी के मामले में तो मल्लिका ने जैसे मैचमेकिंग की जिम्मेदारी ही अपने सिर ले ली है। वह शुरू से ही श्वेता के लिए अच्छे साथी की बात करती रही हैं। अब तो उन्होंने बाकायदा कह दिया कि वह श्वेता को एक अच्छे यूरोपियन पुरुष से मिलवाएंगी। ऐसा पुरुष जो उन्हें प्यार करे, उनकी कद्र करे और उन्हें खुश रखे। रणवीर बराड़ की बारी आई तो मल्लिका को लगा कि रणवीर हर बात को समझाने और ज्ञान देने में ज्यादा ही आगे रहते हैं। बस फिर क्या था, उन्होंने रणवीर को अपने ही अंदाज में 'गौतम बुद्ध' बना दिया। मल्लिका का मतलब यह नहीं था कि रणवीर सच में कोई संत हैं। वह बस उनके इस अंदाज की खिंचाई कर रही थीं। मल्लिका सिर्फ यह नहीं रुकतीं हैं।

# ऑपरेशन सफेद सागर में राजू को दिया गया सम्मान

नई दिल्ली। ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज 1999 के कारगिल युद्ध की कहानी पर आधारित है। सीरीज में एरियल एक्शन दिखाया गया है। हालांकि, सीरीज में एक खास बात यह भी है कि इसके हर एपिसोड के अंत में दिवंगत कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि दी गई है। सीरीज के हर एपिसोड के अंत में राजू श्रीवास्तव को धन्यवाद किया गया है। इस सीरीज का राजू श्रीवास्तव के परिवार के लिए विशेष महत्व है। सीरीज के सह-निर्माता कुशल श्रीवास्तव कॉमेडियन के भतीजे हैं। इस प्रोजेक्ट की जानकारी राजू को उनके निधन के पहले से थी। पहले इस सीरीज का निर्माण फिल्म के रूप में किया जाना था, मगर फिर इसे सीरीज के तौर पर रिलीज किया गया। मई 2022 में इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने हरी झंडी दिखा दी थी। कुशल श्रीवास्तव ने भारतीय वायु सेना में सात साल तक देश सेवा की है। दिसंबर 1999 में हुए कारगिल युद्ध के बाद वह वायु सेना में भर्ती हुए। इसके बाद वह फिल्म निर्माण की पढ़ाई के लिए मुंबई चले गए।



# कहानी पर निर्भर करता है फिल्म की सफलता का 70 फीसदी हिस्सा



मुंबई। भले ही 'भूल भुलैया 4' की चर्चा हो रही हो, मगर अनीस बज्मी का कहना है कि इस फ्रेंचाइजी का अगला पार्ट तभी बनेगा जब टीम को ऐसी कहानी मिलेगी, जो पिछली फिल्मों के लेवल की हो। 'भूल भुलैया 2' और '3' का निर्देशन करने वाले बज्मी कहते हैं कि कार्तिक आर्यन के साथ उनकी अच्छी बॉन्डिंग है, लेकिन सिर्फ एक्टर के होने से ही फिल्म को मंजूरी नहीं मिल जाती। एक बातचीत में अनीस बज्मी के हवाले से लिखा कि एक और 'भूल भुलैया' बनाना मुश्किल है। हमने तीसरी फिल्म में अपने लगभग सारे दांव खेल दिए थे। कार्तिक और मेरी समझ बहुत अच्छी है। वह बहुत मेहनती अभिनेता हैं। कहानी मायने रखती है। अगर हमें कोई जबरदस्त कहानी मिलती है, तो हम जरूर फिल्म बनाएंगे। फिल्म की सफलता का 70% हिस्सा कहानी पर निर्भर करता है। अनीस बज्मी विद्या बालन और अक्षय कुमार के साथ अपनी अगली बिना नाम वाली कॉमेडी फिल्म का भी इंतजार कर रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने पहले 'वेलकम' फ्रेंचाइजी में काम किया था। वह बताते हैं, 'अक्षय और मैंने 'वेलकम' बनाई थी, जिसे लोग आज भी देखते हैं और पसंद करते हैं। हमारे बीच बहुत प्यार और सम्मान है। हमने साथ में एक और बहुत अच्छी कॉमेडी फिल्म बनाने की कोशिश की है।' जब वह 'वेलकम' का जिक्र करते हैं, तो 'वेलकम टू द जंगल' का टॉपिक भी आता है, जिसे डायरेक्ट करने के लिए उनसे संपर्क किया गया था। हालांकि उन्होंने फिल्म का निर्देशन नहीं किया। उनका कहना है कि उन्हें टीम से कोई शिकायत नहीं है।

## राजेश, राजेंद्र सुनील संग सिनेमा पर किया राज

# 25 साल की शर्मिला ने किया था कमाल, 1969 में रिलीज हुईं 5 फिल्में

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में शर्मिला टैगोर का नाम उन अभिनेत्रियों में लिया जाता है, जिन्होंने ग्लैमर के साथ दमदार अभिनय से भी अपनी पहचान बनाई। साल 1969 उनके करियर के लिए बेहद खास रहा। इस साल उनकी पांच हिंदी फिल्में रिलीज हुईं। इनमें राजेश खन्ना के साथ आराधना, धर्मेंद्र के साथ सत्यकाम और यकीन, राजेंद्र कुमार के साथ तलाश और सुनील दत्त के साथ प्यासी शाम शामिल थीं। आराधना ने तो उनकी लोकप्रियता को नई ऊंचाई दी। खास बात यह है कि इसी दौर को लेकर शर्मिला टैगोर ने एक इंटरव्यू में अपनी प्रेग्नेंसी से जुड़ी दिलचस्प बात भी बताई थी। हालांकि, अलग-अलग इंटरव्यू में उन्होंने इस बारे में अलग बयान दिए हैं। शर्मिला टैगोर और राजेश खन्ना की जोड़ी उस दौर की चर्चित जोड़ियों में थी। दोनों ने कई फिल्मों में साथ काम किया। एक हालिया बातचीत में शर्मिला ने बताया था कि 'आराधना' के दौरान वह प्रेग्नेंट थीं।



### राजेश के साथ खूब पसंद की गई जोड़ी

शर्मिला टैगोर का जन्म 8 दिसंबर 1944 को हुआ था। ऐसे में 1969 में उनकी उम्र करीब 24-25 साल थी। इतनी कम उम्र में वह हिंदी सिनेमा की बड़ी अभिनेत्रियों में शामिल हो चुकी थीं। आराधना ने उन्हें स्टारडम की नई ऊंचाई दी। उनकी जोड़ी राजेश खन्ना के साथ खूब पसंद की गई. धर्मेंद्र के साथ भी उन्होंने कई यादगार फिल्में कीं। 1969 का साल इसलिए भी खास है, क्योंकि एक ही साल में शर्मिला टैगोर ने अलग-अलग कलाकारों के साथ पांच फिल्मों में काम किया। रोमांस से लेकर गंभीर कहानी तक, उन्होंने अपनी अदाकारी के कई रंग दिखाए।

### आराधना बड़ी हिट साबित हुई

साल 1969 शर्मिला टैगोर के लिए काफी व्यस्त रहा। उनकी फिल्म 'आराधना' में उनके साथ राजेश खन्ना थे। फिल्म का निर्देशन शक्ति सामंत ने किया था। आराधना बड़ी हिट साबित हुई। इस फिल्म के लिए शर्मिला टैगोर को फिल्मफेयर बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड भी मिला। फिल्म को उस साल की सबसे बड़ी सफल फिल्मों में गिना गया। इसी साल वह 'सत्यकाम' में धर्मेंद्र के साथ नजर आईं। फिल्म का निर्देशन ऋषिकेश मुखर्जी ने किया था। इसमें अशोक कुमार और संजीव कुमार भी अहम भूमिकाओं में थे। इसके अलावा यकीन में भी उनकी जोड़ी धर्मेंद्र के साथ बनी। फिल्म का निर्देशन बृज सदाना ने किया था। तलाश में शर्मिला के साथ राजेंद्र कुमार थे। वहीं प्यासी शाम में वह सुनील दत्त और फिरोज खान के साथ नजर आईं। प्यासी शाम 23 दिसंबर 1969 को रिलीज हुई थी।

## दोनों हिट फिल्मों में थी 'जुम्मा गर्ल' हीरोइन

# गोविंदा की 1989 में रिलीज हुई थीं 14 फिल्में, 2 सुपरहिट और 12 फ्लॉप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एक दौर था जब बॉलीवुड में किसी स्टार की साल में 3 या 4 फिल्में रिलीज होना भी बड़ी बात मानी जाती थी। लेकिन, 80 के दशक के आखिर में एक ऐसा चेहरा था, जो हर कुछ दिनों में बड़े पर्दे पर नजर आ रहा था। सिनेमाघरों के बाहर उसके पोस्टर बदलते थे, लेकिन नाम वही रहता था। ऐसा लग रहा था कि ये साल पूरी तरह उसी स्टार के नाम होने वाला है। फिर जब पूरे साल का हिसाब हुआ, तो नतीजा ऐसा निकला जिसने हर किसी को चौंका दिया। सिर्फ 26 साल के गोविंदा की 1989 में बैक टू बैक 14 फिल्में रिलीज हुईं, लेकिन इनमें सिर्फ 2 सुपरहिट बन सकीं। सबसे दिलचस्प बात ये रही कि दोनों हिट फिल्मों में उनके साथ वही हीरोइन थीं, जिन्हें बाद में पूरी दुनिया 'जुम्मा गर्ल' के नाम से पहचाना गया।



### आखिर कौन थीं वो 'जुम्मा गर्ल'

जिस हीरोइन ने गोविंदा की दोनों सुपरहिट फिल्मों में काम किया, वो थीं किमी काटकर। बाद में अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म हम के सुपरहिट गाने जुम्मा चुम्मा दे दे ने उन्हें 'जुम्मा गर्ल' की पहचान दिलाई। दिलचस्प बात ये है कि 1989 उनके लिए भी काफी बिजी साल था और उनकी कई फिल्में उसी दौरान रिलीज हुई थीं।

### सिर्फ 2 फिल्मों ने बदली पूरी कहानी

जब लगातार फिल्में उम्मीद के मुताबिक नहीं चलीं, तब साल की दो फिल्मों ने पूरा खेल बदल दिया। पहली फिल्म थी गैर कानूनी, जिसमें गोविंदा के साथ श्रीदेवी, शशि कपूर और किमी काटकर नजर आईं। दूसरी थी जैसी करनी वैसी भरनी, जिसमें गोविंदा और किमी काटकर की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। ये दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुईं और गोविंदा के कॅरियर को बड़ा सहारा मिला।

### एक साल में 14 फिल्मों का रिकॉर्ड

1986 में फिल्मी सफर शुरू करने वाले गोविंदा ने बहुत कम वक्त में खुद को बॉलीवुड के सबसे बिजी कलाकारों में शामिल कर लिया था। 1989 में उनकी 14 फिल्में फर्ज की जंग, जेंटलमैन, दो कैदी, आखिरी बाजी, पाप का अंत, घराना, बिल्लू बादशाह, जंगबाज, आसमान से ऊंचा, ताकतवर और दूसरी फिल्में रिलीज हुईं। एक कलाकार के लिए एक ही साल में इतनी फिल्में रिलीज होना अपने आप में बड़ी बात थी, लेकिन इनमें से ज्यादातर फिल्में दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब नहीं हो सकीं।

### फ्लॉप फिल्मों के बाद भी नहीं रुकी रफ्तार

12 फिल्मों के फ्लॉप होने के बाद भी गोविंदा ने हार नहीं मानी। अगले ही साल उन्होंने स्वर्ग जैसी बड़ी हिट दी और फिर राजा बाबू, कुली नंबर 1 और हीरो नंबर 1 जैसी फिल्मों के साथ 90 के दशक के सबसे बड़े कॉमेडी स्टार बन गए। यही वजह है कि 1989 आज भी उनके कॅरियर का सबसे अनोखा और यादगार साल माना जाता है।